मैं बिल गेट्स बोल रहा हूँ

सं. महेश शर्मा

मैं बिल गेट्स बोल रहा हूँ

महेश शर्मा

अपनी बात

''सफलता का उत्सव मनाना बड़ी अच्छी बात है; किंतु विफलता से प्राप्त सबक को ध्यान में रखना उससे भी महत्त्वपूर्ण है।'' यह वाक्य माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के पूर्व संचालक विलियम (बिल) एच. गेट्स के जीवन की समुचित अभिव्यक्ति है। व्यापार, राजनीति और समाज-सेवा के समृद्ध इतिहास से संपन्न सिएटल के एक परिवार में जनमे व पले बिल गेट्स ने सॉफ्टवेयर में अपनी रुचि को बहुत कम उम्र में ही पहचान लिया और कंप्यूटरों की प्रोग्रामिंग 13 वर्ष की अवस्था में ही शुरू कर दी। सन् 1973 में बिल गेट्स हार्वर्ड विश्वविद्यालय में दाखिल हुए और वहाँ रहते हुए उन्होंने एम.आई.टी.एस. अल्तेयर, प्रथम माइक्रो कंप्यूटर के लिए प्रोग्रामिंग की एक भाषा बेसिक विकसित की। अपने बचपन के एक मित्र पॉल ऐलन के साथ मिलकर सन् 1975 में खोली गई कंपनी 'माइक्रोसॉफ्ट' में अपनी संपूर्ण ऊर्जा लगाने के लिए उन्होंने अंततः हार्वर्ड छोड़ दिया।

अपने इस विश्वास से प्रेरित होकर कि कंप्यूटर प्रत्येक कार्यालय एवं प्रत्येक घर के लिए एक अत्यंत उपयोगी उपकरण होगा, उन्होंने पर्सनल कंप्यूटरों के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करना शुरू कर दिया।

आज लोक-कल्याण भी बिल गेट्स का पर्यायवाची बन चुका है। वे और उनकी पत्नी मिलिंडा गेट्स ने जनवरी 2005 में वैश्विक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लोक-कल्याणकारी उपक्रमों के सहायतार्थ 28.8 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि देकर एक फाउंडेशन की स्थापना इस आशा से की है कि इक्कीसवीं शताब्दी में इन बुनियादी क्षेत्रों में प्रगति का लाभ सभी लोगों को मिल सके। बिल और मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य-सुधार के लिए काम करनेवाले संस्थानों को 36 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसके अलावा इस संस्थान ने संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में शिक्षा के अवसरों में सुधार के साथ-साथ निम्न आयवाले समुदायों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों में कंप्यूटरों, इंटरनेट एवं इनमें प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 2 अरब डॉलर, पश्चिमोत्तर प्रशांत क्षेत्र में सामुदायिक परियोजनाओं के लिए 47.7 करोड़ डॉलर से अधिक एवं विशिष्ट परियोजनाओं तथा अभियानों के लिए 48.8 करोड़ डॉलर से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया।

प्रस्तुत पुस्तक में लाखों लोगों के प्रेरणा-स्रोत बिल गेट्स की प्रेरणाप्रद संक्षिप्त जीवनी और उनके अनमोल वचन संकलित हैं। निश्‍चित ही यह पुस्तक सुधी पाठकों के लिए संग्रहणीय होगी।

—महेश शर्मा

संक्षिप्त जीवनी

अमेरिका के बिल गेट्स कई वर्षों तक दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रह चुके हैं। बचपन से ही कंप्यूटर और तकनीक से प्यार करनेवाले गेट्स को एक काम से बेहद प्यार था, वह था—उलटे हाथ से लिखना। अपने प्यार को उन्होंने आदत बनाया और आगे चलकर अपने उलटे हाथ के बल पर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी बनाकर दुनिया को नई राह दिखाई। दुनिया के सफलतम बिजनेसमैनों में प्रमुख स्थान रखनेवाले गेट्स को बचपन से ही लोगों की मदद करना अच्छा लगता था और आज वे गरीब व जरूरतमंद की मदद करने के लिए हर साल करोड़ों रुपए दान देते हैं।

बिल गेट्स का पूरा नाम है—विलियम हेनरी गेट्स। बिल गेट्स का जन्म 28 अक्तूबर, 1955 को सिएटल, वॉशिंगटन में हुआ। गेट्स के माता-पिता अपने बेटे को वकील बनाना चाहते थे, लेकिन गेट्स की कंप्यूटर विज्ञान में रुचि थी।

बचपन के दिन

बाल्यावस्था में बिल स्कूल में एक अपवाद थे और जल्दी ही उन्होंने लगभग सभी विषयों में, विशेष रूप से गणित और विज्ञान में, श्रेष्ठ योग्यता प्राप्त कर ली। उनके माता-पिता ने उनकी इस क्षमता को पहचाना और लेकसाइड में गहन शैक्षिक वातावरण के लिए विख्यात एक प्राइवेट स्कूल में भरती कराने का निर्णय लिया। यह निर्णय बिल के जीवन में एक टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और उनके जीवन के निर्माण में इसने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस स्कूल में ही पहली बार कंप्यूटरों से उनका सामना हुआ, जो बाद में उनके जीवन का राग और उन्माद बन गया।

उन्होंने सिएटल के लेकसाइड स्कूल में सातवीं कक्षा में कंप्यूटर का अध्ययन शुरू किया। सन् 1973 में गेट्स ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

सामान्य स्थिति में जनमे बिल गेट्स का झुकाव बचपन से ही कुछ विशिष्ट कार्य की ओर था, इसलिए उम्र के 32 साल पूरे होने के पहले ही सन् 1987 में उनका नाम अरबपतियों की 'फोर्ब्स' की सूची में आ गया और कई साल तक वे इस सूची में नंबर वन पर भी रहे। वर्ष 2007 में उन्होंने 40 अरब डॉलर (लगभग 176 अरब रुपए) दान में दे दिए।

बिल गेट्स खाते-पीते घर के हैं। स्कूल में उन्होंने 1600 में से 1590 नंबर पाए थे। पढ़ाई के दौरान ही कंप्यूटर प्रोग्राम बनाकर उन्होंने 4,200 डॉलर कमा लिये थे और अपने शिक्षक से कहा था कि मैं 30 वर्ष की उम्र में करोड़पति बनकर दिखाऊँगा और 31 वर्ष में वे अरबपति बन गए। वे विलासितापूर्वक नहीं रहते, लेकिन वे व्यवस्थित जीवन जीते हैं। डेढ़ एकड़ के उनके बँगले में सात बेडरूम, जिम, स्विमिंग पूल, थिएटर आदि हैं। पंद्रह साल पहले उन्होंने उसे करीब 60 लाख डॉलर में खरीदा था। उन्होंने लियोनार्डो दा विंची के पत्रों व लेखों को 3 करोड़ डॉलर में खरीदा था। ब्रिज, टेनिस और गोल्फ के खिलाड़ी बिल गेट्स अपने तीन बच्चों के लिए अपनी पूरी जायदाद छोड़कर नहीं जाना चाहते, क्योंकि उनका मानना है कि अगर वे अपनी संपत्ति का 1 प्रतिशत भी उनके लिए छोड़ दें तो वह काफी होगा। उन्होंने दो किताबें भी लिखी हैं—'द रोड अहेड' और 'बिजनेस एट द स्पीड ऑफ थॉट्स।'

वर्ष 1994 में उन्होंने अपने बहुत से शेयर बेचकर एक ट्रस्ट बनाया, जबकि वर्ष 2000 में अपने तीन

ट्रस्टों को मिलाकर एक कर दिया और पूरी पारदर्शिता से दुनिया भर में जरूरतमंद लोगों की मदद करने लगे।

माइक्रोसॉफ्ट और बिल

सन् 1975 में माइक्रोसॉफ्ट के प्रारंभ से ही बिल गेट्स इसकी उत्पाद-नीति के प्रमुख रहे हैं। उनकी क्रय-विक्रय क्षमताओं और उत्पादों के ज्ञान ने कंपनी की उत्पादन-शृंखला का विस्तार किया है। बिल सदैव ही उस सीमा तक कार्य करने के लिए तैयार रहते थे, जिससे माइक्रोसॉफ्ट को गौरव प्राप्त हो। वस्तुतः सन् 1998 के यूनाइटेड स्टेट्स बनाम माइक्रोसॉफ्ट केस में शरमन अधिनियम की अवहेलना करते हुए एकाधिकार प्राप्त करने के लिए छल करने और प्रतिस्पर्धा को रोकने का प्रयास करने के लिए उन पर दोषारोपण किया गया। प्रतिस्पर्धा, आलोचना और कंपनी के प्रति साख विरोधी अधिनियमों का बहादुरी से सामना करते हुए उन्होंने आक्रामक रूप से माइक्रोसॉफ्ट का बचाव किया और उसकी उन्नत स्थिति का पोषण किया। इसके अलावा, वे एक कठोर मालिक भी थे। बैठकों के दौरान वे अत्यंत आक्रामक समझे जाते थे, विशेष रूप से उन स्थितियों में, जब वे समझते थे कि कंपनी के कुछ निर्णयों ने माइक्रोसॉफ्ट का भविष्य खतरे में डाल दिया है। दूसरी ओर, अपने प्रबंधकों के साथ निश्छल व सीधी बातचीत की वे सराहना करते थे और अकसर उन तकनीकी व्यवधानों को स्वयं दूर करने का प्रयास करते थे, जिनसे उनके प्रबंधक जूझ रहे होते थे।

बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट में मुख्य रूप से व्यवस्थापक और प्रशासक की भूमिका का निर्वाह किया है। किंतु आरंभिक दिनों में उन्होंने एक सक्रिय सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में विशेष रूप से उत्पाद संबंधी प्रोग्रामिंग भाषा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान भी दिया है।

15 जून, 2006 को बिल गेट्स ने यह घोषणा की कि वे माइक्रोसॉफ्ट में अपनी नियमित जिम्मेदारियों से मुक्त होकर लोकहित के कार्यों में अधिक समय देना चाहते हैं। परिणामतः उन्होंने रे ओजी को नया मुख्य सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट नियुक्त किया और स्वयं कंपनी के अध्यक्ष बने रहकर कंपनी की प्रमुख योजनाओं में अपनी सलाह देते रहे। चलते-चलते उन्होंने कंपनी में रोबोटिक्स सॉफ्टवेयर ग्रुप का निर्माण कर माइक्रोसॉफ्ट को एक उपहार दिया।

एकाधिपत्य का खेल

सन माइक्रोसिस्टम के अध्यक्ष स्कॉट मैकेनली और नेट्सकेप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम क्लार्क से मिलकर सन् 1988 में बिल गेट्स ने एकाधिपत्य का एक खेल शुरू किया, जिससे उन्हें एक और गौरव-स्थान प्राप्त हुआ। अपनी कार्य-कुशलता और उत्कृष्ट व्यापारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करते हुए बिल गेट्स ने जल्दी ही बोर्ड-वॉक और पार्क प्लेस पर अपना नियंत्रण कर लिया। परिणाम यह हुआ कि इस खेल में उन्हें प्रभुत्व हासिल हो गया। वास्तव में, मैकेनली और क्लार्क ने यह आरोप लगाया कि बिल गेट्स ने अपनी योजनाओं को सफल बनाने के लिए बार-बार छल-युक्त कार्य किए और जब भी वे माइक्रोसॉफ्ट की सॉफ्टवेयर विशिष्टताओं का उपयोग करते पाए गए तो उन्होंने इंटरनेट एक्सप्लोरर की प्रतियों को खरीदने के लिए उन्हें बाध्य किया। बैंकर की तरह कार्य करते हुए उन्होंने स्वयं ही ब्याज-रहित ऋण इस तर्क के साथ ले लिया कि मैकेनली एवं क्लार्क को कोई पैसा उस स्थिति में नहीं मिलना

चाहिए, जब वे नि:शुल्क पार्किंग करते हैं; क्योंकि शासकीय नियमावली में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बैटिलशिप को भी विनियुक्त कर लिया, यद्यपि जिम क्लार्क ने ही उसका नामकरण किया था। अंत में बिल गेट्स ने क्लार्क को दिवालिया बना दिया।

परिणामत: बिल गेट्स के खिलाफ अविश्वास का मुकदमा दायर किया गया। उन्होंने न्यायालय में टाल-मटोल किया और कहा कि उन्हें यह याद नहीं है कि उनके पास कितने होटल हैं। नतीजा यह हुआ कि आरंभिक दौर में फैसला माइक्रोसॉफ्ट के विरुद्ध हुआ। बिल गेट्स को दंडित किया गया और न्यायालय ने यह आदेश दिया कि बोर्ड-वॉक या पार्क प्लेस को बेचने पर उन्हें मर्विन गार्डेंस पर अपना अधिकार छोड़ना होगा। किंतु बाद में अपील किए जाने पर न्यायालय का यह आदेश उलट दिया गया।

सफल उद्यमी

बिल गेट्स आज संसार के सबसे सफल व्यवसायी समझे जाते हैं। वे दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रही कंपनी के प्रमुख भी रहे हैं। बिल गेट्स इस उद्योग में उस समय से संलग्न रहे, जब वे स्कूल में पढ़ते थे। उसी समय से उन्होंने स्कूल और शहर के लिए सॉफ्टवेयर बनाकर पैसा कमाना शुरू कर दिया था। उनकी पहली कंपनी का नाम 'ट्राफ-ओ-डाटा' था और उसने एक ऐसा सॉफ्टवेयर प्रोग्राम बेचा जो शहर में यातायात की गणना कर सकता था। किंतु अपने कंप्यूटर सहयोगी पॉल एलेन के साथ उन्होंने सन् 1975 में 'माइक्रोसॉफ्ट' की स्थापना की, जब वे केवल 19 वर्ष के थे। कुछ ही वर्षों में अपने ऑपरेटिंग सिस्टम्स और अपनी व्यापारिक निपुणता के कारण माइक्रोसॉफ्ट ने काफी नाम कमाया। इसकी आरंभिक सफलताओं में एक एम.एस.-डी.ओ.एस. ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो आज भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

यद्यपि कई दशक बीत चुके हैं, माइक्रोसॉफ्ट की गति धीमी होने का कोई संकेत नहीं मिला है। हर बार माइक्रोसॉफ्ट बड़ा ही बनता जाता है। माइक्रोसॉफ्ट से अधिक बौद्धिक संपदा किसी के पास नहीं है। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि समस्त पी.सी. सॉफ्टवेयर उद्योग का 80 से 85 प्रतिशत माइक्रोसॉफ्ट के नियंत्रण में है। इसके सैकड़ों उत्पाद और कर्मचारी आज इसे संसार की बहुत बड़ी कंपनियों में से एक के रूप में सुस्थापित कर चुके हैं। इसके अनेक शेयरधारक लखपति और बिल गेट्स व पॉल एलेन सरीखे कुछ लोग तो अरबपति हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख और संसार में सबसे अमीर जीवित व्यक्ति बिल गेट्स एक बहुत शक्तिशाली एवं प्रभावशाली व्यक्ति भी हैं। स्वाभाविक है कि जब लोग एक ही व्यक्ति के हाथों में शक्ति केंद्रित देखते हैं तो डरने लगते हैं और यही कारण है कि इस उद्योग में माइक्रोसॉफ्ट के एकाधिकार के कारण अनेक विवाद उत्पन्न हो गए हैं।

श्रमशील व्यक्ति

बिल गेट्स एक अत्यंत परिश्रमी व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। सॉफ्टवेयर संसार उनके योगदान से अच्छी तरह परिचित है। यहाँ तक कि अपने हाई स्कूल के दिनों में भी उन्होंने अपने प्रिंसिपल को एक ऐसा सॉफ्टवेयर दिया, जो बड़ी आसानी और कुशलता के साथ स्कूल की समय-सारणी को सुव्यवस्थित कर सकता था। एक सॉफ्टवेयर कला-प्रेमी के रूप में यह उनका पहला प्रोग्रामिंग कार्य था। अगली गरमियों में उन्होंने न सिर्फ प्रोग्राम लिखे, बल्कि उससे 4,200 डॉलर भी कमाए। चौदह वर्ष की अवस्था

में बिल गेट्स और उनके प्रोग्रामिंग सहभागी पॉल एलेन ने यातायात की गणना के लिए एक कंप्यूटर की परिकल्पना की। इसका प्रसंगोचित नाम 'ट्राफ-ओ-डाटा' रखा गया और इससे उन दोनों ने 20,000 डॉलर की एक अच्छी धनराशि कमाई। प्रौद्योगिकी की बारीकियों का ज्ञान प्राप्त करने की उनकी लालसा इतनी अधिक थी कि उन्होंने महासभा में भी काम किया और उन्हें टी.आर.डब्ल्यू. नामक प्रोग्रामिंग कंपनी द्वारा अपनी सेवा में नियुक्त कर लिया गया। हार्वर्ड से निकलने के बाद बिल गेट्स ने कंप्यूटर के लिए अपनी पहली बेसिक ऑपरेटिंग भाषा की रचना की और उसके बाद से सॉफ्टवेयर के इस सम्राट् को कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा।

बिल गेट्स को श्रमशीलता का प्रतीक समझा जाता है। अपने सममित्रों से उन्हें सम्मान प्राप्त था और उनके प्रतिस्पर्धी उनसे भयभीत रहते थे। उनका पूरा ध्यान अपने सपनों पर ही केंद्रित था, जिसके कारण माइक्रोसॉफ्ट को अभूतपूर्व सफलता मिली। इसके अलावा, बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के प्रबंधन संबंधी एवं तकनीकी समस्याओं का अपनी विलक्षण प्रतिभा से अत्यंत सरलता के साथ समाधान करते हैं, जो उनकी विशिष्टता है। वे एक ऐसे विपणन नीतिकार के रूप में सफलता प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से प्रख्यात थे, जो बाजार की नब्ज को समझकर अपने उत्पादों की कीमत बाजार के बहुसंख्यक क्रेताओं के लिए निर्धारित करते थे, न कि थोड़े से कंप्यूटर विशेषज्ञों के लिए।

जनप्रिय आलेखन

बिल गेट्स को अकसर असीम शक्ति और संपदा के साथ उत्कृष्ट बौद्धिकता एवं निश्छलता के प्रतीक के रूप में चित्रित किया जाता है। इसके विपरीत, गेट्स को एक ऐसे निरंकुश शासक के रूप में भी वर्णित किया गया है, जो अकसर कुटिल व्यापारिक नीतियों का उपयोग करता है। परिणामस्वरूप उन्हें फिल्मों, टेलीविजन प्रोग्रामों और वीडियो गेम्स में अनेक हास्यानुकृतियों का विषय बनाया गया है। उनके इ-मेल पते को विस्तृत रूप से प्रचारित किया गया है और ऐसी सूचना है कि वर्ष 2004 में प्रतिदिन उनके पास 40 लाख इ-मेल्स आते रहे हैं। यद्यपि उनमें से अधिकांश अनुपयोगी (जंक ई-मेल्स) होते हैं, जिनमें लोगों ने यह निवेदन किया होता है कि वे उन्हें ऋण-मुक्त होने में या शीघ्र धनवान् बनने में सहायता करें। नतीजतन, उनके पास एक पूरा विभाग है, जो इन जंक इ-मेल्स को छानकर अलग करता है।

परिवार

बिल गेट्स टेक्सास की डलास निवासिनी मेलिंडा फ्रेंच के साथ 1 जनवरी, 1994 को परिणय-सूत्र में बँधे। उनके तीन बच्चे हैं—जेनीफर कैथरीन (1996), रोजी जॉन (1999) और फोयबे एडिली (2002)। गेट्स का घर संसार के बहुत महँगे घरों में से एक है। वॉशिंगटन के मेडिना में स्थित यह जल-थल परीक्षित 21वीं सदी का अत्यंत आधुनिक घर है, जो एक पहाड़ी के किनारे और वाशिंगटन झील के सामने बना हुआ है। किंग काउंटी के शासकीय अभिलेखों के अनुसार, सन् 2006 में इस भवन का कुल अनुमानित मूल्य 1,250 लाख डॉलर था, जबकि इसका वार्षिक संपत्ति कर लगभग 10 लाख डॉलर है। बिल गेट्स के व्यक्तिगत संग्रहों में कोडेक्स लेसेस्टर और लियोनार्डो द विंची के हस्तलेखों का संग्रह शामिल है, जिसे उन्होंने वर्ष 1994 की एक नीलामी में 308 लाख डॉलर में खरीदा था।

व्यक्तित्व

चित्ताकर्षक, आशावादी और प्रगतिशील बिल गेट्स हरेक मिलनेवाले के साथ प्रेमपूर्ण और मित्रवत् व्यवहार करते हैं तथा उनका आचरण स्नेहपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण होता है। वे जनसाधारण की आवश्यकताओं का आकलन करने एवं उसके अनुरूप प्रतिक्रिया करने में प्रवीण हैं। आपसी सम्मान एवं सांवेगिक स्वतंत्रता के आधार पर निर्मित संबंधों में गहन विश्वास रखनेवाले गेट्स उन लोगों की ओर आकर्षित होते हैं, जो उद्यमी, साहसी और स्वाधीन होते हैं। वे आकर्षक एवं चमत्कारी व्यक्ति हैं। जब किसी महत्त्वपूर्ण व्यापारिक सौदे की बातचीत चल रही होती है, तब ऐसे अनेक अवसरों पर उन्होंने दिखा दिया है कि वे धैर्य रख सकते हैं। हार्वर्ड के कठिन आरंभिक दिनों में वे उपयोगी साबित हो चुके हैं। उनका शांत विश्लेषणात्मक मस्तिष्क उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर नीतिधारक बना देता है।

यद्यपि उन्हें सर्वोच्च व्यक्ति समझा जाता है, किंतु समय-समय पर वे तार्किक बहस करना पसंद करते हैं। इस भूमिका में वे अनेक लोगों के लिए आदर्श बन गए हैं। जीवन की समस्याओं का समाधान ढूँढ़ने के प्रति उनका उत्साह और औत्सुक्य सभी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। किंतु वे शीघ्र क्रोधित होनेवाली अपनी मानसिकता और संवेगशील उद्वेगों के कारण उत्पन्न होनेवाले भावावेगों के लिए भी जाने जाते हैं। वास्तव में उन्होंने इस आदत को बचपन में ही उत्पन्न कर लिया था, जब चिड़चिड़ेपन की उनकी प्रवृत्ति अभिव्यक्त होती थी। जिन लोगों ने उनके साथ काम किया है, उनमें से कुछ लोग कहते हैं कि वे अपनी इस आदत से मुक्त नहीं हो सके हैं। निश्चित रूप से वे खुले दिल के मूर्खों का स्वागत नहीं करते। कंपनी की बैठकों में उन्हें क्रोधित होते, दूसरों पर सामान फेंकते और चिल्लाकर यह कहते हुए देखा गया है कि 'मैंने अब तक जो कुछ सुना है, उसमें यह अत्यंत मूर्खतापूर्ण है।' जो लोग उनके साथ काम करते हैं, उनके लिए यह सुपरिचित वाक्य है—उन्हीं के शब्दों में, ''समय बहुत कम है। यदि लोग उन्हीं चीजों को दोहरा रहे हैं, जिन्हें मैं पहले से जानता हूँ या यदि वे कुशाग्र बुद्धि नहीं हैं अथवा वे ध्यानपूर्वक मुझे नहीं सुनते और मेरे सूक्ष्म तात्पर्यों को ग्रहण नहीं करते तो उनके साथ काम करने का कोई लाभ नहीं है। वे मेरी टीम के सदस्य नहीं हैं।'' वे एक सुस्पष्ट और ईमानदार व्यक्ति हैं और अपनी व्यक्तिगत दुर्बलताओं या सहयोग, आराम और सांत्वना की आवश्यकताओं को दरशाना पसंद नहीं करते। अकसर वे स्वयं व्याकुल हो उठते हैं और वे लोग उन्हें बहुत नापसंद हैं, जो शिकायत करते हैं।

बिल गेट्स बहुत जल्दी बुरा मान जाते हैं। उनकी प्रवृत्ति संघर्ष करने, प्रतिरक्षा करने, कार्य पहले करने और सवाल बाद में पूछने की है। उनकी मनःस्थिति परिवर्तित होती रहती है और वे कभी तो लोगों से मिलना-जुलना चाहते हैं और कभी अकेले रहते हुए एकांत में नवोत्साह का सृजन करना चाहते हैं। वे स्वयं अपनी कड़ी आलोचना करते हैं और किन्हीं साधारण विफलताओं के कारण अधीर, चिड़चिड़े एवं क्रोधित होना उनके स्वभाव का अभावात्मक पक्ष है। शारीरिक श्रमहीनता के कारण वे क्रोधित हो जाते हैं। वास्तव में वे उस समय बहुत अच्छे रहते हैं, जब टेनिस खेल रहे होते हैं या जब वे किसी प्रतिस्पर्धात्मक खेलकूद में व्यस्त रहते हैं। वे शांत और निरुद्विग्न परिवेश की अपेक्षा कोलाहलपूर्ण, उल्लासमय और प्रतिस्पर्धी वातावरण पसंद करते हैं।

अत्यंत भावुक और मनोवेगपूर्ण बिल गेट्स अपने संबंधों और लगावों के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। किंतु किसी पर विश्वास करने के लिए वे समय लेते हैं। वे उन लोगों के प्रति आकर्षित होते हैं, जिनके

इर्द-गिर्द रहस्य की चादर पड़ी होती है। ऐसा समझा जाता है कि अपने दार्शनिक निवेश गुरु वॉरेन बफेट से उनकी दोस्ती उनके जीवन के तनावों को काफी कम करती है। अभी हाल के दिनों से वे उनकी सृजनात्मकता और कला के प्रति रुझान को समृद्‍ध करने में काफी रुचि ले रहे हैं।

मुक्तहस्त व्यय

बिल गेट्स अपनी अति व्ययिता के लिए मशहूर हैं। उनके पास महँगी स्पोर्ट्स कारों का एक बड़ा काफिला है और सिएटल के बाहरी क्षेत्र में +500 लाख डॉलर का उनका महल इस तथ्य का प्रमाण है। उन्होंने लियोनार्डो दा विंची की सचित्र पांडुलिपि 308 लाख डॉलर में खरीदी है। इस क्रय ने किसी को यह इंगित करने के लिए प्रेरित किया है कि बिल गेट्स संभवतः भविष्य में अपने आपको दा विंची के रूप में देखते हैं, जिनके भविष्य की कल्पनाएँ बाद की शताब्दियों में सच साबित हुई हैं।

किंतु वास्तविकता यह है कि बिल गेट्स ने वर्तमान में अपने पाँव बड़ी मजबूती से जमा रखे हैं और उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे प्रौद्योगिकी के नूतन अन्वेषणों को उपयोगिता से भलीभाँति जोड़ने में माहिर हैं। वे कभी भी अपनी सीमाओं को पहचानने में भूल नहीं करते। ऐसे प्रवीण व्यक्ति में यह एक असामान्य गुण है।

बिल गेट्स के अनुसार, ''यदि आप किसी भी विषय में पारंगत हैं तो आपको बहुत सावधान रहना होगा। यह सुनिश्चित कर लें कि जिन विषयों में आप उतने अच्छे नहीं हैं, उनमें भी आप अपने आपको पारंगत न समझ बैठें। मैं प्रतिदिन यहाँ आता हूँ और महान् लोगों की एक टीम के साथ काम करता हूँ, जो यह कोशिश करते हैं कि सर्वोत्तम सॉफ्टवेयर का निर्माण किस प्रकार किया जाए। वे प्रतिपुष्टि (फीडबैक) सुनते हैं और आवश्यक शोध करते हैं।''

बिल गेट्स की एकाधिकारपरस्त व्यावसायिक नीति और प्रतिस्पद्‍र्धा उन्हें बार-बार विवादों में भी धकेलती रही है। 16 साल तक अरबपतियों की सूची में नंबर वन रह चुके बिल गेट्स अपनी कामयाबी के सूत्र इस तरह बताते हैं—

रास्ते खुद बनाएँ

आज जो भी रास्ते हैं, वे हमेशा से नहीं थे। किसी-न-किसी ने तो उन्हें बनाया ही है। नए रास्ते बनाने की कोशिश पर हो सकता है कि लोग आपको सनकी कहें, पर आप डिगें नहीं। जब मैंने हर डेस्क पर और हर घर में कंप्यूटर की कल्पना की, तब किसी को इस बात की कल्पना नहीं थी। मुझे भरोसा था कि कंप्यूटर हम सबकी जिंदगी को बदलकर रख देगा।

उसूलों पर डटे रहें

कभी भी अपने सिद्‍धांत से न हटें। याद रखिए, सभी लोग केवल धन के लिए काम नहीं करते। मेरे साथ जितने भी लोगों ने काम शुरू किया था, वे सभी जानते थे कि वे धन कमाने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। हम टेक्नोलॉजी की मदद से लोगों के जीवन को आसान बनाना चाहते थे और वह हमने कर दिखाया। यह धन कमाने से ज्यादा बड़ा काम है।

हमेशा आगे की सोचें

दुनिया तेजी से बदल रही है। अगर आप आगे की नहीं सोच सकते तो पिछड़ जाएँगे। आपको सँभलने का वक्त भी नहीं मिल पाएगा। आपको खेल में आगे आने के लिए और यहाँ तक कि खेल में बने रहने के लिए आगे की बातें सोचनी होंगी। इसके लिए कड़ी मेहनत के साथ ही बाजार की जरूरतें क्या-क्या रहेंगी, यह जानना आवश्यक है।

दुनिया बदलें या घर बैठें

क्या आप में कुछ कर गुजरने की तमन्ना है? क्या आपके पास कोई मकसद, कोई विजन, कोई आइडिया, कोई इनोवेशन है? यदि कोई ऐसा लक्ष्य नहीं है तो अपने घर बैठिए और अगर आपका जवाब 'हाँ' में है तो अपनी योग्यता को आँकिए और अपने काम में जुट जाइए।

सही लोगों को साथ लें

कोई भी प्रतिभा किसी कार्य को सही अंजाम तभी दे सकती है, जब उसे सही लोगों का साथ मिले। अगर आप में बहुत प्रतिभा है, लेकिन सहकर्मी और नियोक्ता आपका साथ न दें तो नतीजा क्या होगा? ऊँचे लक्ष्य को लेकर सर्वश्रेष्ठ योग्यता से काम करनेवाले लोग ही कामयाबी पा सकते हैं। अगर मेरे साथ पॉल एलेन और स्टीव बालमेर जैसे प्रतिभाशाली और विलक्षण मित्र व सहकर्मी नहीं होते, जो मेरी कमियों को दूर कर देते थे, तो आज मैं इस मुकाम तक नहीं पहुँच पाता।

सिस्टम बनाएँ

कोई भी काम करने के लिए एक सिस्टम जरूरी है, जिससे कि सारे काम आसानी से हो सकें। यह सिस्टम माइक्रो या मेक्रो हो सकता है। जरूरी नहीं कि हम ही सिस्टम बनाएँ, आप कोई भी अच्छा सिस्टम बना सकते हैं, पर यह ध्यान रखिए कि कहीं यह सिस्टम अनुत्पादकता को तो नहीं बढ़ा रहा।

समस्याओं को टुकड़ों में हल करें

किसी भी समस्या को दूर करने के लिए बारीकी से समझना जरूरी है। हो सकता है कि वह समस्या एक झटके में दूर न हो सके। ऐसे में उसे टुकड़ों में बात कर हल किया जा सकता है। इस तरीके से बड़ी-से-बड़ी और तात्कालिक समस्याओं से भी पार पाया जा सकता है।

नाकामी को भी न भूलें

अपनी हर कामयाबी का जश्न जरूर मनाएँ, जिससे आपको अपनी कामयाबी पर नाज हो और आप हर कामयाबी को पाना चाहें, लेकिन कभी भी अपनी नाकामी को न भूलें। अपनी नाकामियों से सबक सीखें और उन्हें दोहराने से हमेशा बचें।

सफलता के दस रहस्य

बिल गेट्स ने अपनी सफलता के लिए निम्नलिखित दस लक्ष्य तय किए—

1. सही समय पर सही जगह पहुँचिए

ज्ञान-आधारित कर्मियों के युग में प्रौद्योगिकी का ज्ञान और सृजनशीलता कॉरपोरेट जगत् की नई परिसंपत्तियाँ हैं। जब इन्हें व्यापारिक कुशाग्रता और अत्यंत प्रतिस्पर्धी प्रकृति से जोड़ा जाता है तो बिल गेट्स पैदा होते हैं। वे अपनी नीतियों को प्रौद्योगिकी द्वारा आकार दिए जाने में विश्वास करते हैं। इस प्रकार अपनी प्रौद्योगिक दूरदृष्टि के आधार पर वे व्यापारिक नीतियों का निर्णय करते हैं, जो उन्हें दूसरों से बहुत आगे ले जाता है। जो मानक निर्धारित करते हैं, वे विजयी होते हैं। इस कथन में विश्वास करते हुए उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के आदर्श वाक्य की रचना की—हम मानक निर्धारित करते हैं। यह उनकी व्यापारिक नीतियों के केंद्र में भी है। इसीलिए वह बाजार में माइक्रोसॉफ्ट के नए सॉफ्टवेयरों के संस्करणों की दुनिया में प्रभुता स्थापित करने में सफल हुए हैं।

2. प्रौद्योगिकी से प्यार करें

ज्ञान-आधारित कर्मियों के युग में माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनी को चलाने के लिए एक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ की आवश्यकता पड़ती है। प्रौद्योगिकी के गहन ज्ञान से संपन्न व्यक्ति ही वास्तव में यह समझ सकता है कि उद्योग के भीतर क्या चल रहा है। ऐसा व्यक्ति ही प्रवृत्तियों को पहचानकर नीतियाँ निर्धारित कर सकता है। बिल गेट्स प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के महत्त्व को पहचानने में विश्वास करते हैं। इसीलिए माइक्रोसॉफ्ट में सॉफ्टवेयर विकसित करनेवालों को प्रबंधकों की अपेक्षा अधिक महत्त्व दिया जाता है। इसके अलावा, कंपनी की आमदनी का एक बड़ा भाग रिसर्च और डिजाइन के काम में लगाकर बिल यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट सदैव ही किसी अगली बड़ी चीज के लिए अनुसंधान में लगा रहता है। इस प्रकार, यद्यपि माइक्रोसॉफ्ट कोई असाधारण अन्वेषक नहीं है; किंतु वह अच्छे विचारों को ग्रहण करने, उन्हें विकसित करने और व्यापारिक दृष्टि से एक सफल उत्पाद बनाने में अत्यंत प्रवीण है।

3. परिसीमित मत रहिए

बिल गेट्स एक बड़े ही तीव्र प्रतिस्पर्धी हैं। वे सदैव ही विजय प्राप्त करने के लिए एक विशेष लगन से प्रेरित रहते हैं। यह उन्हें एक अत्यंत कठोर प्रतिद्वंद्वी बनाता है। किंतु वे इससे विचलित नहीं होते हैं। बाजार में माइक्रोसॉफ्ट की स्थिति को असंदिग्ध रूप से ऊँचाइयों पर ले जाने के अतिरिक्त बिल गेट्स उस व्यावहारिक ज्ञान से भी संपन्न हैं, जो उन्हें मुख्य बाजारों में अपना रास्ता बनाने के लिए प्रेरित करता है। वे लीक से हटकर दूसरी कंपनियों की संवर्धित विशेषज्ञता को खरीद लेते हैं और माइक्रोसॉफ्ट की

मशीन से जोड़ देते हैं। जोखिमों का आकलन करनेवाले एक निपुण निर्णायक होने के कारण वे कंप्यूटर उद्योग में तेजी से आ रहे उस बदलाव से पूर्णत: परिचित हैं, जहाँ अग्रिम तैयारी न करना ही एक बड़ा जोखिम है।

4. कुशल लोगों को ही नियुक्त करें

बिल गेट्स ने कंप्यूटर उद्योग के अति कुशल लोगों को निरंतर ढूँढ़-ढूँढ़कर अपनी कंपनी में नियुक्त किया। यह उनकी एक ऐसी सोची-समझी नीति रही, जो कंपनी में उच्चतम योग्यतावाले लोगों को आकर्षित करती है। कंपनी के असाधारण विस्तार के बावजूद माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारियों की प्रवीणता के स्तर में, खास तौर से उत्पादों को विकसित करनेवाली टीम के कर्मचारियों की प्रवीणता में, किसी भी प्रकार की कमी को सहन करने के प्रलोभन से बिल गेट्स सदैव ही दृढ़तापूर्वक बचते रहे हैं। कार्य के प्रति उनकी सुप्रसिद्ध क्षमता माइक्रोसॉफ्ट की संस्कृति बन चुकी है, जिसे कुछ इस प्रकार अभिव्यक्त किया जा सकता है—कठिन परिश्रम कीजिए तथा उसके बाद और कठिन परिश्रम।

5. अस्तित्व बनाए रखना सीखिए

माइक्रोसॉफ्ट में बिल गेट्स ने एक ऐसी मशीन का निर्माण कर दिया है, जिससे संबंधित ज्ञान से व्यक्ति कभी तृप्त नहीं होता। उनके अनुसार, यह एक उत्कृष्ट संस्थान का चिह्न है और यह एक मात्र तरीका है, जिससे किसी गलती को दोबारा करने से बचा जा सकता है। बिल एक अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक व्यापार में असाधारण रूप से लचीले हैं, क्योंकि वे विश्वास करते हैं कि जिस विषय में वे श्रेष्ठ हैं, उसमें उन्हें टिके रहना चाहिए और वह विषय है सॉफ्टवेयर। निरंतर प्रतिपुष्टि प्राप्त करने के लिए उपयुक्त संसाधनों के साथ उन्होंने एक ऐसी व्यवस्था बना रखी है, जिससे उनके संगठन में दूसरी जगहों पर काम करनेवाले लोग भी निरंतर प्रतिपुष्टि प्राप्त करते रहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट का दूसरा पहलू यह है कि वह अपने सॉफ्टवेयर का परीक्षण उन ग्राहकों द्वारा कराते हैं, जो उन्हें नए सॉफ्टवेयर के बारे में पहले ही अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराने को तैयार हों। इस प्रकार कंपनी उन लोगों की प्रतिक्रिया से अवगत हो जाती है, जो उस सॉफ्टवेयर के अंतिम संस्करण को इस्तेमाल करनेवाले होते हैं। अंत में, यह स्वीकार करते हुए कि ज्ञान-प्रबंधन बिजनेस स्कूलों और मैनेजमेंट गुरुओं के लिए एक उन्माद है, माइक्रोसॉफ्ट ने इसे अपने कार्यक्षेत्र का अंग बना लिया है।

6. धन्यवाद की अपेक्षा मत रखिए

यश और अपयश एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और बिल गेट्स ने इस तथ्य को बड़े कठिन अनुभवों के बाद पहचाना है। उनका विश्वास है कि संसार में सबसे धनी व्यक्ति बनने के लिए उन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ी है। वे ईर्ष्या के कारण विचलित नहीं होते, बल्कि उपयुक्त तर्क के साथ अपना बचाव करते हैं। समुचित प्रचार से उन्हें शक्ति के गलियारों में अप्रतिद्वंद्वित पहुँच मिलती है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने चारों ओर चल रहे प्रचार से काफी लाभ उठाया है और बिल गेट्स अपने अनेक उत्पादों को बाजार में उतारने के पूर्व अकसर मीडिया का ध्यान आकर्षित करते हैं।

7. स्वप्नद्रष्टा बनिए

बिल गेट्स एक नए प्रकार के व्यावसायिक नायक हैं। पिछले वर्षों के दौरान कंप्यूटर उद्योग में उन्होंने अपना वर्चस्व सिद्ध कर दिया है। वे अपने कर्मचारियों को बैठकर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उनका विश्वास है कि यद्यपि माइक्रोसॉफ्ट एक अच्छा अन्वेषक नहीं है, किंतु यह विचारों की व्यापारिक क्षमता को पहचानने और उन्हें बाजार में उतारने में अग्रणी है। प्रौद्योगिकी का उनका गहन ज्ञान और आँकड़ों का संश्लेषण करने की उनकी विशिष्ट क्षमता उन्हें भविष्य में उत्पन्न होनेवाली प्रवृत्ति को पहचानने और तदनुसार माइक्रोसॉफ्ट की नीतियों का संचालन करने की विशिष्ट योग्यता प्रदान करती है।

8. सभी आधारों को समाहित करें

अनेक निर्माण योजनाओं को एक साथ संचालित करने की क्षमता माइक्रोसॉफ्ट की सफलता का एक मूल तत्त्व है। गेट्स ऐसे व्यक्ति हैं, जो कई कार्यों को एक साथ कर सकते हैं। उनमें अनेक तकनीकी विषयों पर एक ही समय में वार्त्तालाप करने की क्षमता भी है। इसके अलावा, वे अपने को हानि से बचाने में भी समर्थ हैं। बिल अनेक परियोजनाओं में अपना हाथ जमाए रखने में विश्वास करते हैं और इससे माइक्रोसॉफ्ट के उत्पादों की बिक्री में बढ़ोतरी का राज स्पष्ट हो जाता है। नई प्रौद्योगिकियों की जानकारी हासिल करते रहने के लिए वे अकसर चिंतन सप्ताह का आयोजन करते हैं, जिसमें वे विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख विशेषज्ञों से रचनात्मक विमर्श कर तकनीकी विवरण प्राप्त करते हैं। इस प्रकार जल्दबाजी किए बिना ही तीव्र गति से बिल गेट्स ने एक विशिष्ट प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त किया है।

9. छोटा व्यापार स्थापित कीजिए

शेयर बाजार में ऊँचे दाम लगने के बावजूद माइक्रोसॉफ्ट अपेक्षाकृत एक छोटी कंपनी है। आंतरिक रूप से भी बिल गेट्स कंपनी को छोटी इकाइयों में लगातार विभाजित करते रहते हैं, ताकि एक उपक्रमशील वातावरण बनाए रखा जा सके। बिल यह विश्वास करते हैं कि सर्वोत्तम सॉफ्टवेयर का निर्माण उन विकासकर्ताओं द्वारा संभव होता है, जिनका समूह छोटा है। इसलिए वे यह प्रयास करते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट के अंदर एक छोटी कंपनी का एहसास बना रहे। इस प्रकार बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट में वस्तुतः किसी पद को महत्त्वपूर्ण न बनाकर एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण कर दिया है, जहाँ योग्यता ही सर्वोपरि है; क्योंकि वे विश्वास करते हैं कि सम्मान अपने कार्य-निष्पादन क्षमता के आधार पर ही अर्जित किया जाना चाहिए।

10. गेंद पर से अपनी आँखें कभी मत हटाइए

बिल गेट्स कई दशकों तक सर्वोच्च स्थान पर बने रहे; किंतु अपनी उपलब्धियों के बावजूद उन्होंने अपनी गति-मंथरण का कोई संकेत नहीं दिया है। अपने रास्ते पर आगे देखते रहने में उनका दृढ़विश्वास है और उन्होंने पीछे मुड़कर देखने की चिंता कभी नहीं की। बिल गेट्स ने न सिर्फ अपनी उपलब्धियों से एक

असाधारण इतिहास की रचना कर दी, बल्कि सफल योजनाओं का निर्माण करने एवं उन्हें लगातार कार्यरूप देते रहने में अपनी विशेषज्ञता को भी उन्होंने सिद्ध कर दिया। माइक्रोसॉफ्ट के एक अनुभवी परामर्शदाता के रूप में बिल गेट्स प्रौद्योगिक क्रांति का अर्थ भलीभाँति समझते हैं और मानते हैं कि केवल दो ही टीमें होती हैं—शीघ्र कार्य करनेवाली या मृत। यही उन्हें डूबने से बचाता है।

लोक-हितैषी

सन् 2000 में बिल गेट्स और उनकी पत्नी मेलिंडा गेट्स ने 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' की स्थापना की। यह एक लोकहितकारी संस्थान है, जो उत्कृष्ट कार्यों, जैसे गरीब अल्पसंख्यकों को कॉलेज में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, एड्स से बचाव, विकासशील देशों में फैले रोगों के उपचार आदि के लिए धनराशि उपलब्ध कराने के लिए अनुदान प्रदान करती है। वर्ष 2000 में गेट्स फाउंडेशन ने कैंब्रिज विश्वविद्यालय को 2,100 लाख डॉलर की स्थायीनिधि गेट्स कैंब्रिज छात्रवृत्तियों के लिए प्रदान की। इस संस्थान ने 7 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि, जिसमें 1 अरब डॉलर यूनाइटेड नीग्रो कॉलेज फंड शामिल है, विभिन्न लोकहितकारी कार्यों के लिए अनुदान के रूप में दिए हैं।

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन

सन् 1994 में जब बिल गेट्स और मेलिंडा की शादी हुई, तब बिल की माँ मैरी ने विवाह की पूर्व संध्या पर अपनी भावी बहू को चिट्ठी में लिखा—'जिन्हें ज्यादा दिया जाता है, उनसे ज्यादा की उम्मीद भी की जाती है।' इसके छह महीने बाद ही मैरी की स्तन कैंसर से जूझते हुए मौत हो गई। तब तक दुनिया के नंबर वन अमीर बन चुके बिल को माँ की मौत से नश्वरता का एहसास हुआ और उन्होंने उसी साल बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की स्थापना की। इसके जरिए बिल 28 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम समाज-सेवा के लिए दान कर चुके हैं।

बिल फिलहाल दुनिया के सबसे अमीर आदमी हैं—दौलत के मामले में नहीं, देने के मामले में। वे इस जमाने में सबसे बड़े दानी हैं और अगर वे यह रकम नहीं देते तो 'फोर्ब्स' की सूची में लगातार दुनिया के सबसे बड़े अमीर बने रहते।

बिल वर्ष 2008 से माइक्रोसॉफ्ट में पूर्णकालिक काम छोड़कर समाज-सेवा के लिए समर्पित हो चुके हैं और उनके अनुसार, यही बाकी की जिंदगी उनका पूर्णकालिक काम होगा। शायद ये उनके संस्कार ही हैं, जो उन्हें दानशीलता के गुण मिले हैं। बिल के फाउंडेशन में उनके पिता गेट्स सीनियर उपाध्यक्ष हैं और 86 वर्ष की उम्र में भी हर दिन काम करते हैं। दूसरी तरफ, बिल और उनकी पत्नी मेलिंडा अफ्रीका व एशिया के उन तमाम पिछड़े देशों की खाक छानते रहते हैं, जहाँ उनके फाउंडेशन के जरिए टीकाकरण और समाज-सेवा के अन्य काम चल रहे हैं। वे कहते हैं कि उनके लिए फील्ड पर जाना बहुत महत्त्वपूर्ण है। बकौल बिल, 'जगहों को देखना अहम है। जब आप हैजा-पीड़ित बच्चों के वार्ड में जाते हैं—तो दिल दहल जाता है। उनके शरीर से जरूरी द्रव कम हो रहा होता है और दिमाग मंद पड़ रहे होते हैं। एक पिता के लिए, एक इनसान के लिए यह वाकई दिल दहला देनेवाला होता है।'

बिल की इनसानियत के बारे में तो दुनिया जानती ही है, पर कम ही लोगों को पता है कि वे एक अच्छे पिता भी हैं। वे कहते हैं कि अपने बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हर मामले में वे उनकी पूरी परवाह करेंगे।

उन्हें बेहतरीन शिक्षा दिलाई जाएगी। लेकिन जहाँ तक धन-दौलत का सवाल है, उन्हें 'बहुत ज्यादा' नहीं मिलने वाला है। उन्हें अपनी पसंद का कोई काम करना होगा और उसके लिए रोज घर से निकलना पड़ेगा।

बिल भले ही करीब-करीब दो दशकों तक दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति रहे और अभी भी अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर बने हुए हैं, पर वे कहते हैं कि उनके बच्चे अब भी आम बच्चे ही हैं। उन्हें अपना जेब-खर्च मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों को विरासत में बहुत मामूली दौलत मिलेगी। हालाँकि उन्होंने निश्चित आँकड़ों का खुलासा नहीं किया है, पर कई लोगों का अनुमान है कि यह रकम 1 करोड़ डॉलर तो होगी ही। यह बिल की 56 अरब डॉलर की दौलत के आगे कुछ भी नहीं; पर भारतीय रुपयों में देखें तो यह अल्प राशि भी करोड़ों रुपए के बराबर होती है। एक अच्छे पिता की तरह बिल की कोशिश रहती है कि उनके साम्राज्य का असर परिवार पर न पड़े।

गेट्स दंपती के तीन बच्चे हैं—16 साल की जेनिफर, 13 साल का रोरी और 10 साल का फीबे। बच्चों की समझदारी का यह आलम है कि 13 वर्षीय रोरी अपने पिता के सामने लेडी गागा का गीत नहीं चलाता, क्योंकि बकौल बिल, 'उसे लगता है कि कहीं उसका 10 वर्षीय भाई गीत के गंदे शब्द न सुन ले। इसलिए वह तुरंत ऐसे गाने को बदलवा देता है।' लेकिन बच्चे शरारती इतने हैं कि 'बिलियनेयर' सॉन्ग गाकर अपने पिता को खिझाते हैं।

इसमें वे अरबपति बनने की इच्छा जताते हुए कहते हैं कि वे 'फोर्ब्स' के कवर पर आना चाहते हैं और ओपरा विनफ्रे व क्वीन एलिजाबेथ की बगल में खड़ा होना चाहते हैं। बच्चे अपने अरबपति पिता के लिए यह सब गाते हैं और पिता भी इससे बहुत खुश होते हैं।

पिता बिल को यह सब मजेदार लगता है, क्योंकि उनकी ऐसी तमन्नाएँ नहीं हैं। वे 31 वर्ष की उम्र में अरबपति बन गए थे। ओपरा विनफ्रे उनकी दोस्त हैं और दान-पुण्य को लेकर उनसे सलाह लेती रहती हैं, जबकि क्वीन वर्ष 2005 में बिल को नाइटहुड से सम्मानित कर चुकी हैं। सो, बिल बच्चों का गाना सुनकर हँस देते हैं।

वैसे, सौम्य और शरमीले लगनेवाले बिल काफी मजाकिया हैं और उनका हास्य-बोध भी अच्छा है, सो वे खुद का मजाक भी बनाते रहते हैं। एक बार जब उनसे पूछा गया कि जो पैसा वे चैरिटी के नाम पर देते हैं, क्या उसके भ्रष्ट शासकों के हाथ में चले जाने को लेकर चिंता नहीं होती, तो वे बोले, ''एक तो हम वैक्सीन खरीदकर देते हैं और खरीदते समय दाम में छूट भी माँग लेते हैं।''

चूँकि यह बात जिंबाब्वे के भ्रष्ट शासक रॉबर्ट मुगाबे का हवाला देकर कही गई थी, इसलिए वे कहते हैं, 'लोग वैक्सीन तो इकट्ठा कर नहीं सकते। तो ऐसा तो नहीं होगा कि आप मुगाबे के महल में जाएँ और आपको तहखाने में बोरों में भरी हुई वैक्सीन मिले!' बहरहाल, वे स्मार्ट तरीके से दान करते हैं। विश्व खाद्य संगठन जैसी संस्थाओं को वे सीधे पैसा देते हैं, जबकि जहाँ वैक्सीन देते हैं, वहाँ बराबर निगाह रखते हैं कि कितने बच्चों को टीके लगे हैं।

उन्होंने सन् 1975 में पॉल एलेन के साथ मिलकर एक कमरे में माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी, जो अब 400 अरब डॉलर का साम्राज्य है। दुनिया भर में इसके 89,403 कर्मचारी हैं। बिल की पत्नी मेलिंडा भी माइक्रोसॉफ्ट में मैनेजर थीं और यहीं उन दोनों की मुलाकात हुई थी। बहरहाल, यह कंपनी लोकप्रियता और मुनाफे के मामले में मिसाल बन चुकी है।

दुनिया में किसी भी उत्पाद के 1 अरब उपभोक्ता नहीं हैं, पर माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और वर्ड के 1-1 अरब से ज्यादा उपयोगकर्ता हैं। सन् 1986 में जिन लोगों ने माइक्रोसॉफ्ट का शेयर 21 डॉलर में खरीदा था, वह अब 6,912 डॉलर का हो चुका है। विश्व भर में 5-50 करोड़ से अधिक एक्सबॉक्स 360 गेम कंसोल हैं। पर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है वह दौलत, जो उन्होंने दान की है।

ऐसा भी नहीं है कि बिल सिर्फ भावुक होकर यह सब कर रहे हैं। आमतौर पर लोग अपने किसी प्रिय की मृत्यु के बाद उस कारण को मिटा देना चाहते हैं, जिसके चलते उन्हें अपने प्रिय को खोना पड़ा था। इस लिहाज से बिल को कैंसर-उन्मूलन के लिए जुटना था, पर उनका सारा जोर टीकाकरण के जरिए मासूमों की जिंदगियाँ बचाने पर है। इस बारे में वे कहते हैं, ''फाउंडेशन का सूत्र है कि हर जीवन की बराबर कीमत है। किसी भी तरह के कैंसर की तुलना में कहीं ज्यादा लोग मलेरिया से मरते हैं। जब आप उम्र के आठवें दशक में हार्ट अटैक या कैंसर से मरते हैं तो यह तीन साल की उम्र में मलेरिया से जान गँवा देने से अलग होता है। और फिर, दुनिया भर में कैंसर पर ढेरों पैसा खर्च हो रहा है, सो मेरी दौलत इस मामले में बेमतलब हो जाएगी।''

सबसे बड़ी दौलत

अगर बिल गेट्स के घर में आग लग जाए तो वे सबसे पहले किस चीज को बचाएँगे? बकौल बिल, ''वह लियोनार्डो दा विंची की नोटबुक होगी, जिसे मैंने सन् 1994 में 3.8 करोड़ डॉलर में खरीदा था।'' वैसे बिल खूब पढ़ाकू हैं। वॉशिंगटन लेक के समीप करीब 850 करोड़ रुपए की लागत से बने उनके हाईटेक घर में एक बड़ी सी लाइब्रेरी भी है—किताबों से भरी हुई। वे आम तौर पर डिजिटल की बजाय असली किताबें पढ़ना पसंद करते हैं। उनके पास न्यूटन और अब्राहम लिंकन के हस्तलिखित दस्तावेज भी हैं।

बिल गेट्स जानते हैं कि दौलत कैसे कमाई जाती है और कैसे खर्च की जाती है। उन्होंने माँ की लिखी वह चिट्ठी अभी तक सँभालकर रखी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जिसे ज्यादा दिया जाता है, उससे ज्यादा उम्मीद भी रखी जाती है। वे इस बात पर अमल भी करते हैं और यही अपनी प्यारी माँ के प्रति उनकी सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

सफलता का पर्याय

बिल गेट्स अनवरत प्रयत्न करनेवाले एक महान् व्यक्ति हैं और वे कठिन परिश्रम में विश्वास करते हैं। वे सफलता प्राप्त करने के लिए कठिनतम प्रयास करते हैं। उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता और कठिन परिश्रम में उनके विश्वास ने ही आज उन्हें उस मुकाम पर पहुँचा दिया है, जहाँ वे आज हैं। वे सही स्थान पर, सही समय पर होते हैं। वे अपनी नियति के निर्माता स्वयं हैं और भाग्य में विश्वास नहीं करते। सफलता के उनके दो मूल मंत्र हैं—कठिन परिश्रम कीजिए और प्रतिस्पर्धी बनिए। छोटी सॉफ्टवेयर कंपनियों के अनुसार, ''हम माइक्रोसॉफ्ट से बेहतर उत्पाद नहीं प्रस्तुत कर सकते। हम उन्हें बाजार में लोकप्रिय भी नहीं बना सकते, क्योंकि मूल्य और प्रचार की दृष्टि से माइक्रोसॉफ्ट हमें सदैव ही मात कर देगा।'' किंतु बिल गेट्स इसे मात्र एक अच्छी प्रतिस्पर्धा समझते हैं और वे अपनी अंतिम साँस तक छोटी कंपनियों के उत्पादों को मात देते रहेंगे। यह दिलचस्प है कि उनके प्रिय खेलों में एक है—गेम ऑफ रिस्क, यानी जोखिम का

खेल—संसार में प्रमुखता का खेल।

उनके अपने ही शब्दों में, ''यदि आप बुद्धिमान हैं और यह जानते हैं कि अपनी बुद्धि का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। यदि आप कठिन परिश्रम नहीं करते तो आप कभी भी सफल नहीं हो सकते। माइक्रोसॉफ्ट का स्वप्न है—प्रत्येक मेज पर एक कंप्यूटर और प्रत्येक कंप्यूटर में माइक्रोसॉफ्ट का सॉफ्टवेयर।''

बिल गेट्स के मूल मंत्रों का सारांश है—

1. अपने प्रयासों को उस बाजार पर केंद्रित करें, जिसमें बड़ी संभावनाएँ हों, किंतु अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हों।
2. व्यवसाय में जल्दी और बड़े आकार में प्रवेश करें।
3. प्रभुत्व स्थापित करें।
4. इस स्थिति को हर संभव तरीके से बचाएँ।
5. अधिक सकल लाभ का लक्ष्य रखें।
6. ग्राहकों को ऐसा प्रस्ताव दें, जिसे वे इनकार न कर सकें।

बिल गेट्स यह विश्वास करते हैं कि वे एक नई तरह की संस्था का निर्माण करने में सफल हुए हैं और वह है एक ज्ञान संबंधी कंपनी, जिसका उन्हें कोई पिछला अनुभव नहीं था और न ही उनके पास एम.बी.ए. की डिग्री है और न कोई अनुभवी परामर्शदाता, क्योंकि इस ज्ञान संबंधी कंपनी का मौलिक द्रव्य है—बौद्धिक शक्ति।

रोचक तथ्य

• बिल गेट्स ने 13 साल की उम्र से ही प्रोग्रामिंग कंप्यूटर बनाने शुरू कर दिए थे।

• बिल गेट्स हर सेकंड में करीब 12,054 रुपए कमाते हैं, यानी कि एक दिन में लगभग 102 करोड़ रुपए।

• बिल गेट्स अगर पूरी दुनिया में हर व्यक्ति को लगभग बराबर-बराबर रुपए बाँटें तो हर एक के हिस्से में करीब 4,983 रुपए आएँगे।

• माइकल जॉर्डन अमेरिका के सबसे महँगे एथलीट हैं। अगर वे अपनी हर महीने की कमाई जरा सी भी खर्च न करें तो बिल गेट्स के बराबर उन्हें पैसा इकट्ठा करने में 277 साल लग जाएँगे।

• भारत के सबसे महँगे खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी हैं। अगर वे अपना पैसा बिलकुल भी खर्च न करें तो उन्हें बिल गेट्स के बराबर पैसा इकट्ठा करने में 35,000 साल लग जाएँगे।

• अगर बिल गेट्स का अपना कोई देश होता तो पूरी दुनिया में वह देश 37वाँ सबसे अमीर देश होता।

• क्या आपको पता है कि बिल गेट्स को कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग से इतना प्यार था कि वे पढ़ाई छोड़कर उसमें ही लगे रहते थे, जिसकी वजह से वे 11वीं में फेल हो गए थे। मगर अपनी प्रतिभा के बलबूते उन्होंने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक कंपनी शुरू की और तीन दशक में ही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए।

सम्मान

• बिल गेट्स का सॉफ्टवेयर संसार में बहुत बड़ा योगदान है। दुनिया ने भी उनकी सेवाओं को पहचाना है। उन्हें प्रचुर मात्रा में जय प्रतीक मिले हैं।

• 'टाइम' पत्रिका ने बिल गेट्स को उन लोगों की सूची में रखा है, जिन्होंने 20वीं शताब्दी में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें इस सूची में वर्ष 2004, 2005 और 2006 में भी स्थान दिया गया था। ओप्रा विनफ्रे के अलावा बिल गेट्स एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें इन चारों सूचियों में स्थान दिया गया है।

• मानव-सेवा कार्यों के लिए बिल गेट्स और उनकी पत्नी मिलिंडा को वर्ष 2005 में 'पर्सन ऑफ दि इयर' से सम्मानित किया गया।

• बिल गेट्स को महारानी एलिजाबेथ द्वारा 'नाइटहुड' की उपाधि 'नाइट कमांडर ऑफ दि ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर' से भी सम्मानित किया गया।

• बिल गेट्स को एक अन्य गौरव 'द प्रिमियो प्रिंसिपे डी ऑस्ट्रियंस एन कोऑपरेशन इंटरनेशनल पुरस्कार' से वर्ष 2006 में नवाजा गया।

• वर्ष 2006 में ही 'न्यू स्टेट्समैन' द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार बिल गेट्स को हीरोज ऑफ आवर टाइम की सूची में आठवाँ स्थान दिया गया।

• उन्हें सन् 1999 के 'संडे टाइम्स' की पावर लिस्ट में भी शामिल किया गया और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर्स पत्रिका द्वारा वर्ष 1994 में उन्हें वर्ष का सी.ई.ओ. घोषित किया गया।

• सन् 1998 में 'टाइम्स' ने उन्हें साइबर क्षेत्र के 50 लोगों में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया।

• वर्ष 1999 में अपसाइड एलाइट के 100 लोगों में उन्हें दूसरा स्थान दिया गया, जबकि 2001 में 'गार्जियन' ने उन्हें उन 100 श्रेष्ठ लोगों में स्थान दिया, जो मीडिया में अत्यंत प्रभावशाली पाए गए थे।

• इन सम्मानों के अलावा बिल गेट्स को नेइनरोड बिजनेस यूनिवर्सिटी, ब्रेउकेलेन और नीदरलैंड्स ने सन् 2000 में, द रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टॉकहोम, स्वीडन ने वर्ष 2002 में और वासेडा यूनिवर्सिटी, टोकियो, जापान ने वर्ष 2005 में मानक डॉक्टरेट की उपाधियों से सम्मानित किया है।

• कीट वैज्ञानिकों ने उन्हें 'उड़ते हुए फूल' के उपनाम से सम्मानित किया।

• 4 मई, 2006 को बिल गेट्स और मेलिंडा को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में अपनी दानशीलता द्वारा संसार में मानव जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों के लिए 'प्रिंस ऑफ आस्तुरियाज पुरस्कार' से पुरस्कृत किया गया।

• संसार भर में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में (विशेष रूप से मेक्सिको के अन पाइस डी लेक्टोर्स प्रोग्राम) लोकहितकारी कार्यों के लिए उन्हें 'ऑर्डर ऑफ दि ऐजटेक ईगल' सम्मान प्रदान किया गया।

❑

प्रतिस्पर्धी

• चाहे वह गूगल हो या एप्पल या फ्री सॉफ्टवेयर, हमारे कुछ शानदार प्रतिस्पर्धी हैं, जो हमें चौकन्ना रखते हैं।

पसंद

• ऐसे लोग हैं, जिन्हें पूँजीवाद पसंद नहीं है और ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें पर्सनल कंप्यूटर्स पसंद नहीं है। पर ऐसा कोई भी नहीं है, जिसे पी.सी. पसंद हो और वह माइक्रोसॉफ्ट को पसंद न करता हो।

सीख

• औद्योगिक युग के एक प्रतिरूप—भाप के इंजन से हम 21वीं सदी में विश्व को सुधारने की दिशा में बहुत कुछ सीख सकते हैं।

• आपका सबसे दु:खी ग्राहक आपके सीखने का सबसे बड़ा स्त्रोत है।

• आपके सबसे असंतुष्ट उपभोक्ता आपके सीखने का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं।

सफलता

• सफलता एक घटिया शिक्षक है। यह लोगों में यह सोच विकसित कर देती है कि वे असफल नहीं हो सकते।

• अपने सकारात्मक विचारों को ईमानदारी और बिना थके हुए कार्यों में लगाएँ। आपको सफलता के लिए प्रयास नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपरिमित सफलता आपके कदमों में होगी।

• हमारी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने जीवन का प्रतिक्षण, प्रतिघंटा और प्रतिदिन कैसे बिताते हैं।

• मेरा मानना है कि सफलता का कोई नियम नहीं है; लेकिन आप असफलता से बहुत कुछ सीख सकते हैं।

• हमारी सफलता वास्तव में शुरू से ही साझेदारी के आधार पर आश्रित होती है।

• सफलता की खुशी मनाना अच्छा है, पर उससे जरूरी है—अपनी असफलता से सीख लेना।

• अगर आप सफल होना चाहते हैं तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने के बजाय नए रास्ते बनाना चाहिए।

• समस्याओं में रहने से सफलता कठिन है।

• सफलता एक ऐसा शिक्षक है, जो कुशाग्र बुद्धि से संपन्न लोगों को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वे पराजित नहीं हो सकते।

• हमें अधिकांश सफलताएँ तब मिलती हैं, जब हमारे प्रतिद्वंद्वी अपने कार्यों को सही तरीके से नहीं

करते और यही मेरे लिए सौभाग्य बन जाता है। किंतु मैं विश्वास करता हूँ कि आपको किसी ऐसी नीति पर कार्य नहीं करना चाहिए, जो दूसरों की गलतियों पर आधारित हो, यद्यपि उन्होंने निश्चित रूप से अनेक त्रुटियाँ की होंगी।

• सफलता पाने हेतु हर हाल में स्वयं के आसरे ही आगे बढ़ना होता है।

• सफल हमें अपने बल पर होना होता है, भाग्य या भगवान् का आसरा नहीं खोजना चाहिए।

• अपनी सफलता या असफलता की संभावनाओं के आकलन में समय नष्ट न करें, केवल अपना लक्ष्य निर्धारित करें और काम शुरू कर दें।

• दिन-प्रतिदिन की छोटी-छोटी उपलब्धियों से ही मिलकर सफलता बनती है।

• सफलता अपने सामर्थ्य को साकार करना है।

• सफलता का कोई रहस्य नहीं है। वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है।

• सफलता की कामना करनेवाले व्यक्ति को शीर्ष पर पहुँचने की प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में असफलता को एक अपरिहार्य हिस्सा मानना चाहिए।

• सफलता की गिनती यह नहीं कि आप खुद कितने ऊँचे तक उठे हैं, बल्कि इसमें है कि आप अपने साथ कितने लोगों को लाए हैं।

• सफलता की सभी कथाएँ बड़ी-बड़ी असफलताओं की कहानी हैं।

• सफलता के मार्ग में कठिनाइयों का आना स्वाभाविक है।

• सफलता के लिए किसी सफाई की जरूरत नहीं होती और असफलता की कोई सफाई नहीं होती।

• सफलता के लिए कोई लिफ्ट नहीं जाती, इसलिए सीढ़ियों से ही जाना पड़ेगा।

• सफलता सार्वजनिक उत्सव है, जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक।

जीवन

• सदियों से एक के बाद एक सभी देशों में, अपने पारिवार की योजना बनाने में अभिभावकों की क्षमता —यह तय करना कि उन्हें कब बच्चे चाहिए। स्वास्थ्य, समृद्धि और जीवन की गुणवत्ता में अत्यधिक सुधार सह-संबद्ध हैं। लेकिन अधिकांश उप-सहाराई अफ्रीका और दक्षिण एशिया में अभी भी लाखों महिलाओं को गर्भ-निरोधक उपलब्ध नहीं हैं।

• कहानी जहाँ खत्म होती है, जीवन वहीं से शुरू होता है।

• आप अपने जीवनकाल के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं, लेकिन आप इसे मूल्यवान् बनाने के लिए कुछ अवश्य ही कर सकते हैं।

• मेरे लिए प्रगतिशील देशों की यात्रा करना और महिलाओं से उनके कठिन समय में अपने बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए संघर्ष करने के बारे में जानना सबसे महत्त्वपूर्ण है।

• अपने आदर्शों के साथ जीवन बिताओ। जब भी दुनिया को आभास होगा कि आप क्या हैं, आप नजरों में आएँगे और इन्हीं मूल्यों के कारण लोग आपकी ओर आकर्षित हो सकेंगे।

• विगत 15 वर्षों में सबसे गरीब लोगों का जीवन पहले से कहीं तेजी से बेहतर हो गया है। फिर भी, मैं आशान्वित हूँ कि हम अगले 15 वर्षों में इससे भी बेहतर करेंगे।

• जीने के लिए तो एक पल ही काफी है, बशर्ते आपने उसे किस तरह जिया है।

• जीवन एक नाटक है। यदि हम इसके कथानक को समझ लें तो सदैव प्रसन्न रह सकते हैं।
• जीवन एक पाठशाला है, जिसमें अनुभवों के आधार पर हम शिक्षा प्राप्त करते हैं।
• जीवन का हर क्षण उज्ज्वल भविष्य की संभावना लेकर आता है।
• जीवन की त्रासदी इस बात में नहीं है कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँचते हैं, त्रासदी तो इस बात की है कि आपके पास प्राप्त करने के लिए कोई लक्ष्य नहीं है।
• जीवन की दुर्घटनाओं में अकसर बड़े महत्त्व के नैतिक पहलू छिपे हुए होते हैं।
• जीवन के आरंभ में ही कुछ असफलताएँ मिल जाने का बहुत अधिक व्यावहारिक महत्त्व है।
• जीवन के आरंभ में ही कुछ असफलताएँ मिल जाने का बहुत अधिक व्यावहारिक महत्त्व है।
• जीवन के प्रति आपका रुख निश्चित करता है जीवन का आपके प्रति रुख।
• जीवन छोटा ही क्यों न हो, समय की बरबादी से वह और भी छोटा हो जाता है।
• जीवन न्याय-युक्त नहीं है, इसकी आदत डाल लीजिए।
• जीवन छोटा है, पर सुंदर है।
• जीवन दिन काटने के लिए नहीं, कुछ महान् कार्य करने के लिए है।
• जीवन-निर्वाह के लिए कमाने में इतने व्यस्त न हो जाएँ कि जीवन जीना भूल जाएँ।
• जीवन में महत्त्वपूर्ण चीज विजय नहीं, संघर्ष है। मुख्य बात जीतना नहीं, बल्कि अच्छी तरह जूझना है।
• जीवन में सफलता इतना अधिक प्रतिभा या अवसर का विषय नहीं है, जितना वह लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और डटे रहने का है।
• जीवन विकास का सिद्धांत है, स्थिर रहने का नहीं।
• जीवन सेमेस्टर में विभाजित नहीं है। आपको गरमियों में छुट्टी नहीं मिलती है और कुछ नियोक्ता आपको अपने आपको खोजने में मदद करने में रुचि रखते हैं।

बाइट

• 640 किलो बाइट किसी के लिए भी काफी होगा।

लक्ष्य

• अगर मैं पहले से कोई अंतिम लक्ष्य बनाकर चलता तो क्या आपको नहीं लगता है कि मैं उसे सालों पहले पूरा कर चुका होता।
• मुझे हमेशा लक्ष्य स्थापित करने और उनको हमेशा ऊँचे स्थापित करने में विश्वास है।
• हमारे लक्ष्य निर्धारित करते हैं कि हम क्या बनने जा रहे हैं।
• अगर कुछ करना व बनना चाहते हो तो सर्वप्रथम लक्ष्य को निर्धारित करें, वरना जीवन में उचित उपलब्धि नहीं कर पाएँगे।
• स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और ऐसे उपाय ढूँढ़ने होंगे, जो मानवीय स्थिति को सुधार सकनेवाली प्रगति की ओर संकेत करते हों।
• विश्व के सबसे गरीब लोगों के जीवन को सुधारने पर लक्षित आठ लक्ष्यों ने स्वास्थ्य और विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता को नया फोकस प्रदान किया है।

• अपने लक्ष्यों को पूरा होते देखने का सिद्धांत जीवन के सभी क्षेत्रों में काम करता है।
• लक्ष्य के बारे में सबसे जरूरी चीज है कि वह होना चाहिए।
• किसी अन्य व्यक्ति की तुलना में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्यरत रहने की आपकी इच्छा आपकी सर्वाधिक मूल्यवान् संपत्ति हो सकती है।
• आपने चाहे कितने ही लक्ष्य क्यों न पूरे कर लिये हों, अपनी निगाह अगले लक्ष्य पर टिका लें।
• एक बार लक्ष्य निर्धारित करने के बाद बाधाओं और व्यवधानों के भय से उसे छोड़ देना कायरता है।
• जब भी लक्ष्य तय करो, उसके लिए जुनूनी होना होगा। नाकामियों का आप पर नकारात्मक असर नहीं होना चाहिए। लक्ष्य को हासिल करने में कितना समय लग रहा है, उससे विचलित होने की जरूरत नहीं है।

पोलियो

• पोलियो विशेष रोग है, क्योंकि यदि आप इसे जड़ से समाप्त कर देते हैं तो आपको इस पर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं रह जाती है। आपको सिर्फ करना यह है कि 90 फीसदी से अधिक बच्चों को तीन बूँदें की खुराक पिलानी हैं और इस रोग का प्रसार रुक जाएगा। रोग की संख्या घटकर शून्य रह जाएगी।
• जब हमने अभियान शुरू किया था, तब साल में 4 लाख बच्चे अपंग हो रहे थे। आज यह संख्या घटकर साल में 1,000 रह गई है।
• भारत से पोलियो को समाप्त करना सबसे दुष्कर कार्य है। देश में हर जगह पर विषाणु के प्रसार को रोकना उन्मूलन अभियान के लिए पिछले दशक भर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है।
• वैश्विक पोलियो समुदाय अब ऐसी योजना बना रहा है, जो अगले छह वर्षों में हमें पोलियो-उन्मूलन का काम पूरा करने में सहायक होगी।
• अब केवल तीन ही देश बचे हैं, जहाँ पोलियो कभी भी समाप्त नहीं हुआ—नाइजीरिया, पाकिस्तान और अफगानिस्तान।

पैसा

• एक सीमा के बाद मेरे लिए पैसे का कोई उपयोग नहीं है। इसका एकमात्र उपयोग संस्था का निर्माण करने और पैसे को दुनिया के सबसे अधिक वंचित व्यक्ति तक ले जाने में है।
• हमेशा याद रखिए, पैसा ही जीवन में सबकुछ नहीं है; लेकिन पहले यह सुनिश्चित कर लीजिए कि आपने पर्याप्त पैसा कमा लिया है, उसके बाद ही यह बेतुकी बात सोचिए।

अच्छा

• यदि आप अच्छा बना नहीं सकते तो कम-से-कम ऐसा करिए कि वह अच्छा दिखे।
• भीड़ से अलग दिखें। उत्कृष्ट काम करें।
• अच्छा काम सही लोगों के साथ रहने से और बेहतर हो सकता है।
• सरकारें जिन कार्यक्रमों के लिए पैसा खर्च करती हैं, उनके उचित तौर पर प्रभावी होने की माँग करती

हैं। इन माँगों को पूरा करने के लिए हमें यह तय करनेवाले बेहतर मापन उपकरणों की जरूरत है कि कौन सा तरीका कारगर है और कौन सा कारगर नहीं है।

लीडर

• जब हम अगली सदी की तरफ देखते हैं, लीडर वही होंगे, जो दूसरों को सशक्त बना सकेंगे।

एकाग्रचित्त

• चाहे आप में कितनी भी योग्यता क्यों न हो, केवल एकाग्रचित्त होकर ही आप महान् कार्य कर सकते हैं।

टेलीविजन

• टेलीविजन वास्तविकता से परे है। वास्तविक जीवन में लोगों को फुरसत छोड़कर नौकरी और कारोबार करना होता है।
• टेलीविजन वास्तविक जीवन नहीं है। वास्तविक जीवन में लोगों को वास्तव में कॉफी की दुकान छोड़ने और नौकरियों के लिए जाना है।

जलवायु परिवर्तन

• जलवायु परिवर्तन एक भयानक समस्या है और इसे पूरी तरह से हल किया जाना चाहिए। यह एक बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।

जिम्मेदारी

• हालाँकि मुझे दूसरों को क्या करना चाहिए, के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। मुझे लगता है कि मैं बहुत भाग्यशाली रहा हूँ और एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण तरीके से समाज को वापस देने के लिए एक जिम्मेदारी महसूस की है।

कल्याण

• मेरा वार्षिक पत्र विश्व के अधिकतम लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करने के लिए व्यवसाय के साधन का उपयोग करने हेतु इस वर्ष को श्रेष्ठ कारण प्रदान करेगा।

मापन

• मुझे बार-बार यह विचार मथता रहा है कि मानव स्थिति को सुधारने के लिए मापन कितना अधिक महत्त्वपूर्ण है।
• अगर आप एक निश्चित लक्ष्य तय करते हैं और एक ऐसा मापक खोज लेते हैं, जो आपको लक्ष्य की

ओर आगे बढ़ने को प्रेरित करता हो तो आप आश्चर्यचकित प्रगति हासिल कर सकते हैं। यह ऐसी फीडबैक व्यवस्था होगी, जो वास्तविक उत्पादन और वांछित उत्पादन के अंतर को स्वयं समायोजित करेगी।

सेल फोन

• सेल फोंस, सैटेलाइट्स और सस्ते सेंसर्स की मदद से हम आँकड़ों को बढ़ती गति एवं सूक्ष्मता से इकट्ठा कर सकते हैं और इनको व्यवस्थित कर सकते हैं।

कारोबार

• एक कारोबार का मुख्य उद्देश्य लाभ को बढ़ाते रहना होता है।

• कारोबार का प्रबंधन तय करता है कि कैसे ग्राहक संतुष्टि को सुधारा जाए या नए उत्पाद की क्षमताओं को सुधारा जाए। इस तरह से लाभ बढ़ेगा और यह एक ऐसी व्यवस्था को विकसित करेगा, जो कि नियमित आधार पर पूर्वोक्त बातों का मापन करे।

• अगर आप काम खराब करते हैं तो आपको कारोबार से बाहर जाना होगा।

शिक्षा

• मेरे विचार में, अमेरिका के शिक्षा के क्षेत्र में जो सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हम कर सकते हैं, वह है शिक्षक प्रतिक्रिया प्रणालियाँ, जो यथोचित वित्त-पोषित, उच्च गुणवत्तावाली और शिक्षकों द्वारा विश्वसनीय हैं।

• वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में होनेवाली बहस वास्तव में ऐसे उपकरणों के कार्यान्वयन पर सतत चर्चा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे शिक्षक की प्रभावात्मकता को मापा जा सके और यह कि क्या ऐसा मापन वास्तव में संभव भी है या नहीं।

• हम जानते हैं कि यदि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ सबसे अच्छे होने के जरा भी नजदीक होते तो हमारी शिक्षा प्रणाली असाधारण हो जाएगी।

• अपना आदर्श उपस्थित करके ही दूसरों को सच्ची शिक्षा दी जा सकती है।

उपाय

• अगर मैनेजर गलत उपाय आजमाते हैं या अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर नहीं कर पाते हैं तो लाभ की मात्रा कम हो जाती है।

सूचनाएँ

• ज्यादा-से-ज्यादा सूचनाएँ जुटाएँ। इससे आप अपने ग्राहकों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझेंगे।

• याद रखें, सूचना प्रवाह आपकी कंपनी का जीवन-रक्त है।

• सूचना का काम भावी काम के बारे में बताना है।
• ग्राहकों की जरूरतों की समुचित जानकारी (सूचना) जुटाए बिना व्यापार करना कठिन है।
• सही लोगों के साथ सही जानकारी (सूचना) एक साथ एक मंच पर लाना नाटकीय रूप से विकसित और सामरिक व्यापार के अवसरों पर कार्य करने के लिए एक कंपनी की क्षमता में सुधार लाता है।

टीकाकरण

• बहुत कम लोगों ने ग्रांट के बारे में सुना होगा, लेकिन दुनिया पर उनका प्रभाव उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जितना कि हेनरी फोर्ड या थॉमस वाटसन जैसे कारोबारी दिग्गजों का है। ग्रांट ने सारी दुनिया के 80 फीसदी बच्चों को जीवन बचानेवाले टीके लगाने का एक महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था।
• टीकाकरण मुझे प्रेरित करता है। यह कुछ अद्‌भुत करना संभव बनाता है, अपेक्षाकृत सस्ते और सरल समाधान के साथ बीमारियों से बच्चे की सुरक्षा करता है।

स्वयंसेवा

• स्वयंसेवा से समृद्‌ध दृष्टिकोणवाला एक कर्मचारी प्रशासनिक जरूरतों का 90 प्रतिशत सँभाल सकता है।

सहायता

• संसाधनों के मामले में अच्छी खबर यह है कि कई विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था प्रगतिशील है, जिससे उन्हें अपने यहाँ के सबसे गरीब लोगों की सहायता करनेवाले अधिक समर्पित संसाधन जुटाने में सहायता मिलती है। उदाहरण के लिए, भारत सहायता पर कम निर्भर करता है और धीरे-धीरे उसे उसकी आवश्यकता ही नहीं रह जाएगी।
• सहायता महत्त्वपूर्ण है। इससे सबसे गरीब देशो मे रहनेवाले लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायता मिलती है।

मालिक

• मैं परीक्षा में कुछ विषयों में फेल हो गया, लेकिन मेरा दोस्त सब में पास हुआ। अब वह माइक्रोसॉफ्ट में एक इंजीनियर है और मैं माइक्रोसॉफ्ट का मालिक हूँ।

गुणवत्ता

• ग्राहक कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता चाहते हैं, उसी ओर अग्रसर हों।

बुरी खबर

• आपका सबसे महत्त्वपूर्ण काम बुरी खबर सुनने का होना चाहिए। अगर आप उसपर काररवाई नहीं

करते हैं तो लोग बुरी खबर बताना बंद कर देंगे और आपका अंत आरंभ हो जाएगा।

• कर्मचारियों को अच्छी खबर के उलट बुरी खबर साझा करने के लिए ज्यादा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

• कहाँ सबसे अधिक सुधार की जरूरत है, यह जानने के लिए बुरी खबर को गले लगाएँ।

प्रतिस्पर्द्धा

• अपने प्रतिस्पर्द्धियों से अलग दिखने और कुछ अलग करने के लिए सबसे सार्थक तरीके खोजें।

• एक अनियोजित घटना के प्रति किसी कंपनी की त्वरित प्रतिक्रिया ही प्रतिस्पर्द्धियों में उसकी कीमत तय करती है।

रणनीति

• एक बुरी रणनीति अच्छी-से-अच्छी जानकारी को अनुपयोगी बना सकती है।

ग्राहक सेवा

• ग्राहक सेवा हर व्यवसाय का प्राथमिक मूल्य बनाया जाए।

कोर सक्षमता

• कंपनियों को अपनी कोर सक्षमता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और बाकी सब आउटसोर्स करना चाहिए।

स्पीड

• आज 'स्पीड' सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। यह हर कंपनी की आज आधारभूत जरूरत है कि वह तेजी से इस ओर बढ़े।

आपात-स्थिति

• आप आपात-स्थिति में कितनी तेजी से प्रतिक्रिया कर सकते हैं, यह एक कंपनी के रूप में आपकी प्रतिष्ठा से तो जुड़ा ही है, आपकी कॉरपोरेट सजगता भी है।

विफलता

• प्रयोग योग्य विफलता को पुरस्कृत करें।

• अपनी शक्तियों पर भरोसा करनेवाला कभी असफल नहीं होता।

• ऐसे असंख्य लोग हैं, जो बार-बार असफल हुए, तब कहीं जाकर वे अचानक सामने आए।

परिवर्तन

• लोग हमेशा परिवर्तन से डरते हैं। बिजली के आविष्कार के वक्त भी लोग डर गए थे।
• मैं अपने भविष्य के बारे में बहुत आशावादी हूँ, लेकिन यह परिवर्तन और आश्चर्य से भरा एक भविष्य है।

आमदनी

• अपने लिए हवाई जहाज खरीदने की बजाय हम लगभग सारी आमदनी वापस कंपनी में डाल देते हैं।

कंप्यूटर क्रांति

• कंप्यूटर क्रांति ने हमारे समाज पर लुभावना प्रभाव डाला है। कंप्यूटर पर हम काम करते हैं, खेलते हैं, जानकारी जुटाते हैं और इसने हमारे संवाद का तरीका बदल दिया है।

धैर्य

• धैर्य सफलता का एक प्रमुख तत्त्व है।

रोजगार

• माइक्रोसॉफ्ट द्वारा रोजगार में वृद्धि संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में भारत में अधिक होगी।

समय

• आपका समय एक बहुमूल्य संसाधन है।
• अस्त-व्यस्त रीति से समय गँवाना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारना है।
• आप बच्चों के साथ कितना समय बिताते हैं, वह इतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, जितना यह कि कैसे बिताते हैं।
• आपके पास जितना समय अभी है, उससे अधिक समय कभी नहीं होगा।
• आप समय को नष्ट करेंगे तो समय भी आपको नष्ट कर देगा।
• कभी न लौटनेवाला समय जा रहा है।
• किसी भी काम के लिए आपको कभी भी समय नहीं मिलेगा। यदि आप समय पाना चाहते हैं तो आपको इसे बनाना पड़ेगा।
• सभी महान् उपलब्धियाँ समय माँगती हैं।
• समय की रेत पर कदमों के निशान बैठकर नहीं बनाए जा सकते।
• समय पर कार्य नहीं करने से व्यक्ति लाभ और उन्नति से कोसों दूर हो जाता है।
• समय सबसे कम पाया जानेवाला संसाधन है और जब तक इसका अच्छा प्रबंधन नहीं किया जाता है

बाकी किसी चीज का प्रबंधन नहीं किया जा सकता।
• समय हमेशा कड़ी मेहनत करनेवालों का मित्र रहा है।

अज्ञान

• जहाँ हमेशा अज्ञानता हो तो अज्ञान भय की ओर ले जाएगा।

स्पैम

• स्पैम दो साल के भीतर अतीत की बात हो जाएगी।

डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.

• डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. अच्छा खिलौना है, लेकिन क्या समय की बरबादी नहीं है।
• प्रौद्योगिकी हमेशा असंभव को संभव बनाने के लिए है और विंडोज एक्सपी के साथ हमने नई संभावनाएँ खोल दी हैं।

काररवाई

• जल्दी से और निर्णायक काररवाई करें।

मानव बुद्धि

• मानव बुद्धि से अद्वितीय यहाँ कुछ भी नहीं है।

इ-मेल

• इलेक्ट्रॉनिक मेल हमारे लिए एक बड़ी घटना है।

अंतर्ज्ञान

• अकसर आपको अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना होगा।

ध्यान

• केवल ध्यान के माध्यम से आप विश्व स्तरीय काम कर सकते हैं।

बदलाव

• बदलाव को एक अवसर के रूप में लें।

नेता

• हमें अगली सदी के नेताओं को सशक्त बनाना होगा।

पूँजीवाद

• सृजनात्मक पूँजीवाद से उनका अर्थ ऐसे पूँजीवाद से है, जो अपने मुनाफे की कुछ राशि बीमारी व गरीबी-उन्मूलन के ऊपर खर्च करे तथा उससे अपना बाजार भी पैदा करे।
• विकासशील देशों की सरकारें पूँजीवाद के विकास के लिए बेहतर कायदे-कानून बनाएँ, जिससे बाजार का विकास हो तथा ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को विकास का लाभ मिल सके।

बाजार

• दुनिया भर में ऐसे बाजार हैं, जो व्यवसायियों से छूट गए। दुनिया के अध्ययन का निष्कर्ष है कि दुनिया की सबसे गरीब दो-तिहाई आबादी के पास 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 5 खरब डॉलर यानी 500 अरब डॉलर की कुल क्रय क्षमता है। व्यवसायी इन बाजारों को खोज नहीं पाते तथा उनकी जरूरतों को समझ नहीं पाते।
• बाजार के अनुसार वैज्ञानिक, कम्युनिकेटर्स, विचारक और मनीषी नहीं चलते। इसके लिए सरकार को सही हालात बनाने होते हैं। केवल इन बातों पर ध्यान देकर और बुद्धिमान लोगों को जोड़कर वह प्रगति कर सकते हैं, जो हम चाहते हैं।
• बाजार में हमेशा सही चीजें नहीं चलती हैं।

चुनौती

• विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन हमारे पास आगामी वर्षों में गरीबी, भूख, और बीमारी के विरुद्ध प्रगति की रफ्तार में वृद्धि करने का एक अवसर्है।
• चुनौती एक ऐसी चीज है, जो हमें आगे बढ़ाती है। आज हम उस बिंदु पर हैं, जहाँ चुनौती यह नहीं है कि आप इ-मेल द्वारा प्रभावशाली तरीके से किस प्रकार संवाद स्थापित करें, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आप अपना समय इ-मेल पर दें, जो कि सबसे महत्त्वपूर्ण है।
• किनारे पर खड़ा जहाज सबसे सुरक्षित होता है, लेकिन क्या जहाज इसलिए बनाए जाते हैं। जीवन में चुनौतियाँ लेने की ताकत ही आपकी क्षमताओं को तय करती है।

कर्मचारी

• अपने कर्मचारी की कद्र करें।

विरोध

• डिवाइड एंड रूल पॉलिसी का विरोध करें।

जीतनेवाले

• सबसे पहले जीतनेवाले बनने की कोशिश कभी न करें।

मुश्किल

• सबसे अहम फीडबैक ही सबसे मुश्किल होता।
• समस्या की पहचान करना सीखें।

दोहराव

• अक्षमता को दोहराव में न आने दें।

लाभ

• कोई भी नवीन उत्पाद, चाहे वह नया टीका हो या बीज की सुधारी हुई प्रजाति, अगर यह उन लोगों तक नहीं पहुँचता है, जिन्हें इससे लाभ मिले तो इसका प्रभाव नहीं हो सकता।
• मानवता का सबसे बड़ा लाभ समान धरातल पर रहने का है।

धार्मिकता

• मेहनत हमारी और फल पूरे संसार का, यही सच्ची धार्मिकता है।
• धार्मिकता ईश्वर में विश्वास करने या न करने से सिद्ध नहीं होती है, बल्कि धार्मिकता ईश्वर जैसा व्यवहार करने से सिद्ध होती है।

आई.बी.एम.

• ऑल्ट-कंट्रोल-डिलीट के बजाय सिंगल बटन कमांड का ऑप्शन था, लेकिन आई.बी.एम. के डिजाइनर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं थे।
• आई.बी.एम. के डिजाइनरों ने जो कीबोर्ड तैयार किया, उसमें लॉग इन के लिए कोई सिंगल बटन नहीं दिया गया, इसकी वजह से माइक्रोसॉफ्ट को लो-लेवल पर काम करना पड़ा। यह एक गलती थी।

दुनिया

• दुनिया को बदल डालो या घर पर बैठो। दुनिया को और बेहतर बनाने के लिए काम करो। भले ही वह एक वर्जन, प्लेटफॉर्म, सिस्टम, आइडिया, रीजन या इनोवेशन हो, इसे करना ही चाहिए।

सफल

• सफल व्यक्ति बैठकर घटनाओं का इंतजार नहीं करते, अपितु आगे बढ़ते हैं और कार्य को अंजाम देते हैं।

• सफल व्यक्ति वही है, जो सुबह उठकर पहले यह तय करता है कि आज उसे क्या-क्या काम करने हैं। और रात तक वह उन सारे कामों को कई परेशानियों के बाद भी पूरा कर लेता है।

• सफल होने के लिए आपको असफलता का स्वाद अवश्य चखना चाहिए, ताकि आपको यह पता चल सके कि अगली बार क्या नहीं करना है।

रास्ता

• रास्ता बनाते चलो। हमेशा आपके लिए कोई रास्ता तैयार नहीं रहेगा। आपको कुछ तो करना ही होगा। कभी लोगों को यह भी लगेगा कि आप सनकी हैं। कई बार आप कदम मंजिल के पास हो सकते हैं।

• अपने आपको अधिक समझने व मानने से स्वयं अपना रास्ता बनानेवाली बात है।

पर्सनल कंप्यूटर

• पर्सनल कंप्यूटर हर टेबल, हर घर और हर लिविंग रूम में होना चाहिए। यह हमारे काम के तरीकों को बदल देगा।

मंच

• ऐसा मंच बने, जहाँ लोग आगे बढ़ सकें।

असर

• अपना असर पैदा करो।

मदद

• जो भी लोग हैं, सब समान हैं। मदद उनकी की जानी चाहिए, जो खुद की मदद नहीं कर पाते हैं। सभी को जीवन में अवसर पाने का हक है। इसमें आ रहे अवरोधों को दूर करना चाहिए।

जरूरी

• तत्काल जो जरूरी है, उसे समझें।

इनोवेशन

• खेल में आगे रहने के लिए या फिर खेल में बने रहने के लिए आपको इनोवेशन जारी रखने पड़ेंगे।

अपने प्रोडक्ट में इनोवेशन करें। प्रोसेस, मार्केट आदि सभी में इसे लागू करें।
• हर तरह के व्यवसाय में इनोवेशन दिल और आत्मा होता है।

भूमिका

• किसी चीज को बनाने में अपनी भूमिका देखें और जानें कि आप क्या बेहतर कर सकते हैं।

गुलाम

• अधिकांश व्यक्ति अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त करने में प्रयासरत रहते हैं और इस प्रकार उन्हीं चीजों के गुलाम बनकर रह जाते हैं, जिन्हें वे प्राप्त करना चाहते हैं।

उतार

• अगर आपको सफर आसान लगने लगे तो हो सकता है, आप उतार में जा रहे हों।

सिस्टम

• हमेशा नया सिस्टम बनाने की सोचें।
• छोटे और बड़े स्तर पर सिस्टम बनाएँ। इसमें इनपुट और आउटपुट दोनों होते हैं। आप तब बहुत प्रभावी हो जाते हैं, जब आपको पता लगता है कि कोई सिस्टम है, जो काम कर रहा है।

एक्शन

• एक्शन लेना बेहद जरूरी है।
• किसी चीज की धुन को कैसे अमल में लाएँ, इसके लिए जरूरी है—एक्शन लें। विचार कई लोगों के पास होते हैं, सही अंतर अमल में लाने का होता है।

काम

• अगर कोई कर सकता है तो तुम भी कर सकते हो, अगर कोई नहीं कर सकता तो तुम्हें जरूर करना है।
• अगर कोई भी काम कोई व्यक्ति अच्छे से कर सकता है तो मैं कहूँगा, उसे करने दीजिए, उसे एक मौका दीजिए।
• काम के आदमी के साथ आपकी बात संक्षिप्त और व्यापक होनी चाहिए।
• काम छोटा हो या बड़ा, उसकी उत्कृष्टता ही करनेवाले का गौरव है।
• काम से ज्यादा काम के पीछे निहित भावना का महत्त्व होता है।
• किसी काम को करने का अधिकार आपको है; पर इस बात का मतलब यह नहीं होता कि वह करना सही भी है।
• यदि हम अपने काम में लगे रहे तो हम जो चाहें वो कर सकते हैं।

• किसी काम को करने से पहले उसे करने की दृढ़ इच्छा अपने मन में कर लें और सारी मानसिक शक्तियों को उस ओर झुका दें। इससे आपको अधिक सफलता प्राप्त होगी।

स्वभाव

• 'उत्तम होना' एक कार्य नहीं, बल्कि स्वभाव होता है।

अंतर्दृष्टि

• अंतर्दृष्टि के बिना काम करने से अधिक भयानक दूसरी चीज नहीं है।
• आपदा ही एक ऐसी वस्तु है, जो हमें अपने जीवन की गहराइयों में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

प्रतीक्षा

• अगर आप कदम उठाने से पहले सब सुनिश्चित करने की प्रतीक्षा करते हैं, तो संभव है कि आप कभी ज्यादा कुछ कर ही न पाएँ।
• चोट मारने के लिए लोहे के गरम होने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि उसे चोट मार-मार कर गरम करें।

अनुभव

• अच्छा निर्णय अनुभव से प्राप्त होता है; लेकिन दुर्भाग्यवश, अनुभव का जन्म अकसर खराब निर्णयों से होता है।
• दूसरों के अनुभव से जान लेना भी मनुष्य के लिए एक अनुभव है।
• बहादुर बनो, जोखिम उठाओ। अनुभव का कोई विकल्प नहीं है।
• अनुभव की पाठशाला में जो पाठ सीखे जाते हैं, वे पुस्तकों और विश्वविद्यालयों में नहीं मिलते।
• अनुभव महज एक नाम है, जो हम अपनी गलतियों को देते हैं।
• अनुभव-प्राप्ति के लिए काफी मूल्य चुकाना पड़ सकता है, पर उससे जो शिक्षा मिलती है, वह और कहीं नहीं मिलती।

अच्छा स्वास्थ्य

• अच्छा स्वास्थ्य एवं अच्छी समझ जीवन के दो सर्वोत्तम वरदान हैं।

आदत

• अच्छी आदतों से शक्ति की बचत होती है, अवगुण से बरबादी।

योजना

• अच्छी योजना बनाना बुद्धिमानी का काम है; पर उसको ठीक से पूरा करना धैर्य और परिश्रम का।

व्यवस्था

• अच्छी व्यवस्था ही सभी महान् कार्यों की आधारशिला है।

निर्णय

• अच्छे निर्णय लेना हर स्तर पर एक महत्त्वपूर्ण कौशल है।

विजन

• अच्छे बिजनेस लीडर विजन बनाते हैं, विजन बताते हैं, विजन को उत्साह के साथ अपनाते हैं और सतत उसे पूर्ण करते हैं।

अतीत

• अतीत की चिंता मत करो, भविष्य का विश्वास मत करो और वर्तमान को व्यर्थ मत जाने दो।
• अतीत को कभी विस्मृत न करो, अतीत का बोध हमें गलतियों से बचाता है।

इच्छाएँ

• अधिक इच्छाएँ प्रसन्नता की सबसे बड़ी शत्रु हैं।

शक्ति

• अधिकांश मनुष्य अपनी शक्तियों का 10 प्रतिशत ही प्रयोग करते हैं, शेष 90 प्रतिशत तो सोती रहती हैं।

अधिकार

• अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता।

अवसर

• अपना काम दूसरों पर छोड़ना भी एक तरह से दूसरे दिन काम टालने के समान ही है। ऐसे व्यक्ति का अवसर भी निकल जाता है और उसका काम भी पूरा नहीं होता।
• अवसर उनकी सहायता कभी नहीं करता, जो अपनी सहायता नहीं करते।
• अवसर की प्रतीक्षा में मत बैठो। आज का अवसर ही सर्वोत्तम है।
• अवसर तुम्हारा दरवाजा एक ही बार खटखटाता है।
• उतावला आदमी सफलता के अवसरों को बहुधा हाथ से गँवा ही देता है।
• अवसर सूर्योदय की तरह होते हैं। यदि आप ज्यादा देर तक प्रतीक्षा करते हैं तो आप उन्हें गँवा बैठते हैं।

• आदर्श परिस्थितियों या सर्वश्रेष्ठ अवसरों की प्रतीक्षा न करें। वे कभी नहीं आने वाली हैं।
• उन्नति के किसी भी अवसर को खोना नहीं चाहिए।

सुधार

• अपना सुधार संसार की सबसे बड़ी सेवा है।
• अपने आपको सुधार लेने पर संसार की हर बुराई सुधर सकतीहै।

महामानव

• अपनी आंतरिक क्षमताओं का पूरा उपयोग करें तो हम पुरुष से महापुरुष, युगपुरुष और मानव से महामानव बन सकते हैं।

आनंद

• अपनी खराब आदतों पर जीत हासिल करने के समान जीवन में कोई और आनंद नहीं होता है।

प्रशंसा

• अपनी प्रशंसा आप न करें, यह कार्य आपके सत्कर्म स्वयं करा लेंगे।

कार्य

• अपने कार्यों में व्यवस्था, नियमितता, सुंदरता, मनोयोग तथा जिम्मेदारी का ध्यान रखें।
• कार्य उद्यम से सिद्‌ध होते हैं, मनोरथों से नहीं।
• कार्य उसी का सिद्‌ध होता है, जो समय को विचार कर कार्य करता है। वह खिलाड़ी कभी नहीं हारता, जो दाँव पर विचार कर खेलता है।
• कार्य ही सफलता की बुनियाद है।
• किसी कार्य के लिए कला एवं विज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, उसमें धैर्य की भी आवश्यकता पड़ती है।
• कार्य-कुशल व्यक्ति की सभी जगह जरूरत पड़ती है।
• कोई भी कार्य करने से पहले सोचो, समझो, फिर करो।
• कोई भी कार्य सही या गलत नहीं होता, हमारी सोच उसे सही या गलत बनाती है।

भूल

• अपनी भूलों को स्वीकारना उस झाड़ू के समान है, जो गंदगी को साफ कर उस स्थान को पहले से अधिक स्वच्छ कर देती है।

आस्तिकता

• अपनी महान् संभावनाओं पर अटूट विश्वास ही सच्ची आस्तिकता है।

सामर्थ्य

• अपने सामर्थ्य का पूर्ण विकास न करना दुनिया में सबसे बड़ा अपराध है। जब आप अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य-निष्पादन करते हैं, तब आप दूसरों की सहायता करते हैं।

सोच

• अपनी सोच को कैसे बेहतर बनाया जाए, यह सीखने से उत्कृष्ट कुछ नहीं है।

जानना

• अपने आपको जान लेने पर मनुष्य सबकुछ पा सकता है।

दोष

• अपने दोषों से सावधान रहो, क्योंकि यही ऐसे दुश्मन हैं, जो छिपकर वार करते हैं।

तालमेल

• अपने विचारों और बातों में तालमेल रखें।

कमियाँ

• अपने व्यवहार में पारदर्शिता लाएँ। अगर आप में कुछ कमियाँ भी हैं तो उन्हें छिपाएँ नहीं; क्योंकि कोई भी पूर्ण नहीं है, सिवाय एक ईश्वर के।

दंड

• अपराध करने के बाद डर पैदा होता है और यही उसका दंड है।

दृढ़निश्चय

• अभिलाषा तभी फलदायक होती है, जब वह दृढ़निश्चय में परिणत कर दी जाती है।
• असंभव और संभव के बीच अंतर व्यक्ति के दृढ़निश्चय पर निर्भर करता है।

अवकाश

• अवकाश का समय व्यर्थ मत जाने दो।

असफलता

• असफलता का मतलब यह नहीं कि आप असफल हैं। इसका मतलब सिर्फ इतना है कि आप अब तक सफल नहीं हो पाए हैं।
• असफलता का मौसम सफलता के बीज बोने के लिए सर्वश्रेष्ठ समय होता है।
• असफलता केवल यह सिद्ध करती है कि सफलता का प्रयास पूरे मन से नहीं हुआ।
• कल की असफलता वह बीज है, जिसे आज बोने पर आनेवाले कल में सफलता का फल मिलता है।
• असफलता मुझे स्वीकार्य है, किंतु प्रयास न करना स्वीकार्य नहीं है।
• असफलता सफलता प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
• असफलता से सफलता की शिक्षा मिलती है।

उत्साह

• असीमित उत्साहवान् व्यक्ति लगभग प्रत्येक कार्य में सफल होता है।

अविश्वसनीय

• 'आँखों से देखा' एक बार अविश्वसनीय हो सकता है' किंतु 'अनुभव से सीखा' कभी भी अविश्वसनीय नहीं हो सकता।

टालना

• आज के काम कल पर मत टालिए।

आत्मविश्वास

• आत्मविश्वास किसी भी कार्य के लिए आवश्यक तत्त्व है, क्योंकि एक बड़ी खाई को दो छोटी छलाँगों में पार नहीं किया जा सकता।
• आत्मविश्वास के साथ आप गगन चूम सकते हैं और आत्मविश्वास के बिना मामूली सी उपलब्धियाँ भी पकड़ से परे हैं।
• आत्मविश्वास वह संबल है, जो रास्ते की हर बाधा को धराशायी कर सकता है।
• आत्मविश्वासी कभी हारता नहीं, कभी थकता नहीं, कभी गिरता नहीं और कभी मरता नहीं।

अज्ञान

• आदमी को अज्ञान में रखना संभव है, लेकिन उसे अज्ञानी नहीं बनाया जा सकता।

आराम के लिए

• आप आराम की जिंदगी चाहते हैं तो आपको कुछ परेशानी तो उठानी ही होगी।

जिम्मेदारी

• आप कल की जिम्मेदारी से आज बच नहीं सकते।

सिखाना

• आप किसी चीज का विशुद्ध ज्ञान हासिल करना चाहते हैं तो उसे दूसरों को सिखाने लगिए।

क्यों नहीं

• आप कुछ देखते हैं तो कहते हैं, क्यों? लेकिन मैं असंभव से सपने देखता हूँ और कहता हूँ, क्यों नहीं!

सबकुछ

• आपको सबकुछ नहीं मिल सकता। आप उसे रखेंगे कहाँ?

मेहनत

• आपकी कड़ी मेहनत बेकार नहीं जाती है।
• कड़ी मेहनत के बिना सफलता का प्रयास करना तो ऐसा है जैसे आप वहाँ से फसल काटने की कोशिश कर रहे हों, जहाँ आपने फसल बोई ही नहीं है।

प्रतिभा

• आपकी प्रतिभा भगवान् का आपको दिया हुआ उपहार है। आप जो कुछ इसके साथ करते हैं, वह आप भगवान् को उपहार-स्वरूप लौटाते हैं।

मनोवृत्ति

• आपकी मनोवृत्ति ही आपकी महानता को निर्धारित करती है।

उत्तर

• आपके जीवन के प्रश्न का आप ही उत्तर हैं और आपके जीवन की समस्याओं का आप ही उत्तर हैं।

पहले कभी नहीं

• आपके द्वारा कुछ ऐसा प्राप्त करना, जिसे आपने पहले कभी भी प्राप्त नहीं किया है, आपको अवश्य ही ऐसा व्यक्ति बनना होगा, जो आप पहले कभी नहीं थे।

देखना-सुनना

• आपको लोग देखते पहले और सुनते बाद में हैं।

आरंभ

• आरंभ कर देना ही आगे निकल जाने का रहस्य है।

मृत्यु

• आराम की जिंदगी एक तरह से मौत का निमंत्रण है।
• आलस्य मृत्यु के समान है—और केवल उद्यम ही आपका जीवन है।

गुरु

• आपकी बुद्धि ही आपका गुरु है।

आलस्य

• आलस्य से आराम मिल सकता है, पर यह आराम बड़ा महँगा पड़ता है।

आवश्यकता

• आवश्यकता डिजाइन का आधार है।

आशा

• आशा के साथ तैयार की गई सड़क पर यात्रा करना उस सड़क पर यात्रा करने से कहीं अधिक आनंददायक होता है, जिसे निराशा के साथ तैयार किया जाता है, चाहे उन दोनों की मंजिल एक ही क्यों न हो।
• आशा प्रयत्नशील मनुष्य का साथ कभी नहीं छोड़ती।
• आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते हैं।

इनसान

• इनसान को उसके काम से आँका जाता है।
• इनसान जितनी सहजता से सलाह देता है, उतनी सहजता से और कुछ नहीं देता।

इतिहास

• इतिहास सदा विजेता द्वारा ही लिखा जाता है।
• इतिहास से हम सीखते हैं कि हमने उससे कुछ नहीं सीखा।

अपराध

• इस संसार में कमजोर रहना सबसे बड़ा अपराध है।

प्रेरणा

• ईर्ष्या न करें, प्रेरणा ग्रहण करें।

महत्त्वाकांक्षा

• उच्च स्तरीय महत्त्वाकांक्षा एक ही है कि अपने को इस स्तर तक सुविस्तृत बनाया जाए कि दूसरों का मार्गदर्शन कर सकना संभव हो सके।

संघर्ष

• उत्कर्ष के साथ संघर्ष न छोड़ो।

उत्कृष्टता

• उत्कृष्टता की सिद्धि तब नहीं होती, जब कुछ और जोड़ना या लगाना बाकी नहीं रह जाए; बल्कि तब होती है, जब कुछ हटाने के लिए नहीं बचे।

उत्साह

• उत्साह जीवन में सबसे बड़ी शक्ति है। अगर आपके पास यह है तो जीत आपकी है।
• उत्साह, सामर्थ्य और मन से हिम्मत न हारना—ये कार्य की सिद्धि करानेवाले गुण कहे गए हैं।

उद्देश्य

• उद्देश्य-प्राप्ति हेतु कर्म, विचार और भावना का धुरवीकरण करना चाहिए।
• उद्देश्य में निष्ठा सफलता का रहस्य है।

मित्रता

• उनसे कभी मित्रता न करो, जो तुमसे बेहतर नहीं हैं।
• उनसे दूर रहो, जो भविष्य को निराशाजनक बताते हैं।

उपकार

• उपकार करके जताना इस बात का प्रतीक है कि किया गया समर्थन या कार्य उपकार नहीं है।

उपदेश

• उपदेश देना सरल है, उपाय बताना कठिन।

गरीब

• उस मनुष्य से गरीब कोई नहीं, जिसके पास केवल धन है।

चुनौतियाँ

• चुनौतियाँ जीवन को अधिक रुचिकर बनाती हैं और उन्हें दूर करना जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है।

• चुनौतियों को स्वीकार करनेवाले ही असली बहादुर होते हैं।

• चुनौतियों को स्वीकार करें, ताकि आप विजय के हर्ष का आनंद महसूस कर सकें।

• चुनौतियों से घबराइए मत, सामना कीजिए। आग तो हर व्यक्ति के भीतर छिपी है, बस उसे जगाने की जरूरत है।

• जो चुनौतियों का सामना करने से डरता है, उसका असफल होना तय है।

घुमावदार सीढ़ियाँ

• ऊँची जगहों पर जाने का एकमात्र मार्ग घुमावदार सीढ़ियाँ हैं।

खंडन

• एक आदमी आपको तब तक कुछ नहीं बताता, जब तक आप उसकी बात का खंडन न करें।

बिगाड़

• ऊपर की ओर चढ़ना कभी भी दूसरों को पैर के नीचे दबाकर नहीं किया जा सकता, वरना ऐसी सफलता भूत बनकर आपका भविष्य बिगाड़ देगी।

गुण

• एक गुण समस्त दोषों को ढँक लेता है।

तरीका

• एक समय में केवल एक काम करना बहुत सारे काम करने का सबसे सरल तरीका है।

सृजनशील

• एक सृजनशील व्यक्ति कुछ कर पाने की उम्मीद से प्रेरित होता है, दूसरों को होड़ में हराने की उम्मीद से नहीं।

गुण

• किसी के गुणों की प्रशंसा करने में अपना समय बरबाद मत करो। उसके गुणों को अपनाने का प्रयास करो।

परिश्रम

• कठिन परिश्रम का कोई भी विकल्प नहीं होता।
• कठिन परिश्रम से भविष्य सुधरता है। आलस्य से वर्तमान।

कठिनाइयाँ

• कठिनाइयों का अर्थ आगे बढ़ना है, न कि हतोत्साहित होना। मानवीय भावना का अर्थ द्वंद्व से और अधिक मजबूत होना होता है।

व्यक्तित्व

• किसी को अपना व्यक्तित्व छोड़कर दूसरे का व्यक्तित्व नहीं अपनाना चाहिए।

कौशल

• करने का कौशल आपके करने से ही आता है।

कर्तव्य

• कर्तव्य एक चुंबक है, जिसकी ओर आकर्षित हुआ अधिकार दौड़ा आता है।
• कर्तव्य-पालन ही जीवन का सच्चा मूल्य है।
• कर्तव्यों के विषय में आनेवाले कल की कल्पना एक अंध-विश्वास है।

एकाग्रता

• एकाग्रता से ही विजय मिलती है।

कर्म

• कर्मभूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना पड़ता है।
• कर्म सरल है, विचार कठिन।
• कर्मों की आवाज शब्दों से ऊँची होती है।

सलाह

• किसी को गलत मार्ग पर ले जानेवाली सलाह मत दो।
• दी गई सलाह का शायद ही स्वागत होता है। जिन्हें इसकी अधिकतम आवश्यकता होती है, वे ही इसे सबसे कम पसंद करते हैं।

कल्पना

• कल्पना विश्व पर शासन करती है।

कार्य-कुशल

• कार्य-कुशल व्यक्ति के लिए यश और धन की कमी नहीं है।

अनुदान

• किसी का मनोबल बढ़ाने से बढ़कर और अनुदान इस संसार में नहीं है।

बुरा

• किसी को अपना परिचय देना बुरा नहीं है। बुरा तभी है, जब वह किसी स्वार्थ या अहंकार से दिया जाता है।

उद्यम

• उद्यम ही सफलता की कुंजी है।

प्रोत्साहन

• किसी को आत्मविश्वास जगानेवाला प्रोत्साहन देना ही सर्वोत्तम उपहार है।

सही तरीका

• गलत काम करने का कोई सही तरीका नहीं है।

डिजाइन

• किसी चीज को जरूरत से अल्प मात्र भी बेहतर डिजाइन करने का कोई औचित्य नहीं है।

स्वप्न

• किसी दूसरे को अपना स्वप्न बताने के लिए लोहे का जिगर चाहिए होता है।

सच्चा मित्र

• किसी बेईमानी का कोई सच्चा मित्र नहीं होता।

स्वभाव

• किसी मनुष्य का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय बनाता है, न कि उसकी संपत्ति।

महापुरुष

• किसी सदुद्‍देश्य के लिए जीवन भर कठिनाइयों से जूझते रहना ही महापुरुष होना है।

अपेक्षा

• किसी से यह अपेक्षा मत कीजिए कि वह आपकी सहायता करेगा।

असंभव

• कुछ करने की इच्छावाले व्यक्ति के लिए इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है।

सफल

• कुछ व्यक्ति सफल होते हैं, क्योंकि उनका भाग्य उन्हें सफलता प्रदान करता है; लेकिन अधिकांश दृढ़ संकल्पशील व्यक्ति सफल होते हैं।

असफलता

• केवल एक चीज है, जो किसी सपने का पूरा होना असंभव बनाती है—असफलता का डर।

कौशल

• केवल वही व्यक्ति, जिनके पास सरल कार्य को उत्कृष्टता के साथ करने का धैर्य है, वही व्यक्ति कठिन कार्यों को सरलता से करने का कौशल सीखते हैं।

समाधान

• कोई भी कठिनाई क्यों न हो, अगर हम सचमुच शांत रहें तो समाधान मिल जाएगा।

सर्वोत्कृष्ट

• कोई भी वस्तु निरर्थक या तुच्छ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अपनी स्थिति में सर्वोत्कृष्ट है।

उत्कर्ष

• कोई भी वस्तु महान् का आश्रय पाकर उत्कर्ष प्राप्त करती है।

क्रोध

• क्रोध बुद्धि को समाप्त कर देता है। जब क्रोध समाप्त हो जाता है तो बाद में बहुत पश्चात्ताप होता है।
• क्रोध में की गई बातें अकसर अंत में उलटी निकलती हैं।

प्रगति

• प्रगति का वर्णन लक्ष्यों को निर्धारित करना और उनके लिए प्रगति का मूल्यांकन करना है।
• प्रगति करना दुर्लभ और अनिश्चित होने की नियति नहीं है। हम वस्तुतः इसे सामान्य बना सकते हैं।
• गति और प्रगति में संदेह न करें। कोल्हू के बैल दिन भर चलते हैं, लेकिन कोई प्रगति नहीं करते हैं।
• यदि संघर्ष नहीं है तो प्रगति नहीं है।

गलतियाँ

• गलतियाँ किए बिना कोई व्यक्ति बड़ा और महान् नहीं बनता है।
• गलतियाँ खोज का स्रोत होती हैं।

गलती

• गलती करना उतना गलत नहीं, जितना उन्हें दोहराना है।
• गलती करने का सीधा सा मतलब है कि आप तेजी से सीख रहे हैं।
• जो मान गया कि उससे गलती हुई और वह उसे ठीक नहीं करता, वह एक और गलती कर रहा है।

गुणवत्ता

• गुणवत्ता कोई अचानक प्राप्त होनेवाली वस्तु नहीं है। यह तो हमेशा से बुद्धिमत्तापूर्ण किए गए प्रयासों का परिणाम है।

गुणी

• गुणी ही गुण जानता है, निर्गुणी नहीं।

गुण

• गुणों की वृद्धि और क्षय तो अपने कर्मों से होता है।
• मनुष्य अपने गुणों से आगे बढ़ता है न कि दूसरों की कृपा से।

एकाग्रचित्त

• चाहे आप में कितनी भी योग्यता क्यों न हो, केवल एकाग्रचित्त होकर ही आप महान् कार्य कर सकते हैं।

वर्जित

• चीजों को जितना ज्यादा वर्जित किया जाता है, वे उतनी ही लोकप्रिय हो जाती हैं।

चैंपियन

• चैंपियन वह है, जो तब भी उठ खड़ा हो, जब वह उठ ही न सकता हो।

सावधान

• छोटे-छोटे खर्चों से सावधान रहिए। एक छोटा सा छेद बड़े से जहाज को डुबो सकता है।

परिश्रमी

• जब आगे बढ़ना कठिन होता है, तब कठिन परिश्रमी ही आगे बढ़ता है।

नजरिया

• जब आप स्थितियों को देखने का अपना नजरिया बदल देते हैं तो वे स्थितियाँ, जिन्हें आप देखते हैं, बदल जाती हैं।

हार

• जब कभी भी हारो, हार के कारणों को मत भूलो।

समाधान

• जब तक आप ढूँढ़ते रहेंगे, समाधान मिलते रहेंगे।

भरोसा

• जब कोई आपको दिखाता है कि वह कौन है, तो पहली बार उसपर भरोसा कर लीजिए।

शक्ति

• जरूरी नहीं है कि कोई साहस लेकर जनमा हो, लेकिन हरेक शक्ति लेकर जनमता है।

जिंदगी

• जिंदगी एक उबाऊ कहानी की तरह है, जिसे दो बार सुना गया हो; लेकिन एक ऊँघते हुए इनसान के कानों की सफाई कर देने के लिए यह बेहतरीन साधन है।
• जिंदगी का हर पल कुछ-न-कुछ सिखाता है।
• जिंदगी में खुश रहना है तो हँसने का बहाना तलाशें।

जिज्ञासा

• जिज्ञासा के बिना ज्ञान नहीं होता।

कम-ज्यादा

• जितना दिखाते हो, उससे ज्यादा तुम्हारे पास होना चाहिए। जितना जानते हो, उससे कम तुम्हें बोलना चाहिए।

चीजें

• जिन चीजों के बारे में ज्यादातर लोग जानना चाहते हैं, वे अकसर उनके किसी काम की नहीं होतीं।

दोष

• जिन दोषों को हम दूसरों में देखते हैं, उन्हें अपने में न रहने दें, इसका हमें सदा ध्यान रखना चाहिए।
• दोष निकालना सुगम है, उसे ठीक करना कठिन।

साहस

• जिस काम को करने में डर लगता है, उसे करने का नाम ही साहस है।

कार्य-सिद्धि

- जिस व्यक्ति का मन चंचल रहता है, उसकी कार्य-सिद्धि नहीं होती।

आशा और आत्मविश्वास

• जिस व्यक्ति में सफलता के लिए आशा और आत्मविश्वास है, वही व्यक्ति उच्च शिखर पर पहुँचते हैं।

निश्चय

• जिसका निश्चय दृढ़ और अटल है, वह दुनिया को अपनी सोच में ढाल सकता है।
• जिसने निश्चय कर लिया, उसके लिए केवल करना शेष रह जाता है।
• जो व्यक्ति निश्चय कर सकता है, उसके लिए कुछ असंभव नहीं है।
• साहस और दृढ़निश्चय जादुई तावीज हैं, जिनके आगे कठिनाइयाँ दूर हो जाती हैं और बाधाएँ उड़न-छू हो जाती हैं।

महत्त्व

• जीतने का इतना महत्त्व नहीं है, जितना कि जीतने के लिए प्रयास करने का महत्त्व होता है।

राह

• जो अपनी राह बनाता है, वह सफलता के शिखर पर चढ़ता है; पर जो औरों की राह ताकता है, सफलता उसका मुँह ताकती रहती है।

नेतृत्व

• जो आप करवाना चाहते हैं, वह किसी और से उसकी इच्छा से करवाने की कला ही नेतृत्व है।

परिणाम

• जो कार्य प्रारंभ में कष्टदायक होते हैं, वे परिणाम में अत्यंत सुखदायक होते हैं।

इच्छा

• जो जिस वस्तु को पाने की इच्छा करता है, वह उसको अवश्य ही प्राप्त कर लेता है, यदि बीच में ही प्रयत्न को न छोड़ दे।

सोच

• जो जैसा सोचता और करता है, वह वैसा ही बन जाता है।

स्वयं करो

• जो तुम दूसरे से चाहते हो, उसे पहले स्वयं करो।

धोखा

• जो दूसरों को धोखा देना चाहता है, वास्तव में वह अपने आपको ही धोखा देता है।

मूर्ख

• जो प्रश्न पूछता है वह 5 मिनट के लिए मूर्ख बनता है, लेकिन जो नहीं पूछता वह जीवन भर मूर्ख बना रहता है।

अनिष्ट

• जो बार-बार की ठोकरों से नहीं चेतता, वह अनिष्ट को आमंत्रण देता है।

वर्तमान

• जो बीत गया सो गया, जो आने वाला है वह अज्ञात है। लेकिन वर्तमान तो हमारे हाथ में है।

कभी कुछ, कभी कुछ

• जो व्यक्ति कभी कुछ, कभी कुछ करते हैं, वे अंततः कहीं भी नहीं पहुँच पाते।

बूझना

• ज्ञान-प्राप्ति से अधिक महत्त्वपूर्ण है—अलग तरह से बूझना या सोचना।

प्रतिबद्ध

• डर से भागने की बजाय अपने सपनों को साकार करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें।

तजरबा

• तजरबा एक ऐसी चीज है, जिसे आप बिना कुछ किए नहीं पा सकते।

तीन चीजें

• तीन चीजें, जो कभी निश्चित नहीं होतीं—सपने, सफलता और भाग्य।
• तीन चीजें, जो जीवन को सँवारती हैं—कड़ी मेहनत, निष्ठा और त्याग।
• तीन चीजों में मन लगाने से उन्नति होती है—ईश्वर, परिश्रम और विद्या।
• तीन बातें कभी न भूलें—प्रतिज्ञा करके, कर्ज लेकर और विश्वास देकर।

त्रुटियाँ

• त्रुटियाँ उसी से नहीं होंगी, जो कोई काम करे ही नहीं।

दान

• दान के लिए वर्तमान ही सबसे उचित समय है।

दिमाग

• दिमाग जब बड़े-बड़े विचार सोचने के अनुरूप बड़ा हो जाता है तो पुनः अपने मूल आकार में नहीं लौटता।
• दिमाग पैराशूट के समान है। वह तभी कार्य करता है, जब खुला हो।

परिवर्तन

• दुनिया परिवर्तन से नफरत करती है; लेकिन यही एकमात्र वस्तु है, जिससे प्रगति का जन्म हुआ है।
• परिवर्तन के बीच व्यवस्था और व्यवस्था के बीच परिवर्तन को बनाए रखना ही प्रगति की कला है।
• परिवर्तन नए अवसर लाता है।

नियंत्रण

• दूसरा व्यक्ति क्या करता है, उसपर आपका नियंत्रण नहीं होता है। आपके पास केवल इतना नियंत्रण है कि आप क्या करते हैं।

असफल

• दूसरों को असफल करने के प्रयत्न ही हमें असफल बनाते हैं।
• दो ही प्रकार के व्यक्ति वस्तुतः जीवन में असफल होते हैं—एक तो वे, जो सोचते हैं, पर उसे कार्य का रूप नहीं देते और दूसरे वे, जो कार्य-रूप में परिणत तो कर देते हैं, पर सोचते कभी नहीं।

धैर्य

• धैर्य कड़वाहट भरा हो सकता है, लेकिन इसका फल मीठा होता है।
• धैर्य प्रतिभा का आवश्यक अंग है।

दौड़ना

• दौड़ना काफी नहीं है। समय पर चल पड़ना चाहिए।

धन

• धन अच्छा सेवक भी है और बुरा मालिक भी।

ध्येय

• ध्येय की सफलता के लिए पूर्ण एकाग्रता और समर्पण आवश्यक है।

नकल

• नकल के लिए भी कुछ अकल चाहिए।
• नकल नहीं, सृजन करिए।

निराशा

• निराशा को काम में व्यस्त रहकर दूर भगाया जा सकता है।

निराशावादी

• निराशावादी व्यक्ति केवल बादलों के अंधकारमय हिस्से को देखता है, जबकि आशावादी बादलों को बिलकुल ही नहीं देखता, वह तो उनसे भी ऊँची उड़ान भरता है।

सौभाग्य

• परिश्रम सौभाग्य की जननी है।

निर्णय

• निर्णय करने के लिए तीन तत्त्वों की आवश्यकता होती है—अनुभव, ज्ञान और व्यक्त करने की क्षमता।

तरीका

• पढ़ना सीखने का एक तरीका है, लेकिन व्यवहार करना भी सीखने का एक तरीका है और यह कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण है।

सबक

• पढ़ाई और जीवन में क्या अंतर है? स्कूल में आपको पाठ सिखाते हैं और फिर परीक्षा लेते हैं, जीवन में पहले परीक्षा होती है और फिर सबक सीखने को मिलता है।

शुरुआत

• पहले से ही कुछ निर्धारित नहीं होता, आपकी विगत बाधाएँ, वह मार्ग प्रदान करती हैं जिस पर चलकर आप नई शुरुआत कर सकते हैं।

प्रतियोगिता

• प्रतियोगिता हमें अधिक सक्षम बनाती हैं, नए जवाब तलाश करने के लिए प्रेरित करती हैं और इस दंभ से बचाती हैं कि हम सबकुछ जानते हैं।

स्थायी

• पीड़ा अस्थायी होती है, लेकिन हिम्मत हार जाना स्थायी होता है।

प्रकृति

• प्रकृति का तमाशा भी खूब है, सृजन में समय लगता है, जबकि विनाश कुछ ही पलों में हो जाता है।
• प्रकृति, समय और धैर्य ये तीन हर दर्द की दवा हैं।

प्रतिकूल

• प्रतिकूल परिस्थितियों से कुछ व्यक्ति टूट जाते हैं, जबकि कुछ अन्य व्यक्ति रिकॉर्ड तोड़ते हैं।

मौलिकता

• प्रतिध्वनि से किसी मौलिकता की आशा मत करो।

प्रसिद्ध

• प्रसिद्ध होने का यह एक दंड है कि मनुष्य को निरंतर उन्नतिशील बने रहना पड़ता है।
• प्रसिद्धि व धन उस समुद्री जल के समान है, जितना ज्यादा हम पीते हैं, उतने ही प्यासे होते जाते हैं।

प्रेरणा

• प्रेरणा के पीछे सबसे महत्त्वपूर्ण बात लक्ष्य तय करना होता है, आपका हमेशा एक लक्ष्य अवश्य होना चाहिए।

प्रश्न

• प्रश्न और प्रश्न पूछने की कला, शायद सबसे शक्तिशाली तकनीक है।

प्रतिभा

• प्रतिभा अपना मार्ग स्वयं निर्धारित कर लेती है और अपना दीपक स्वयं लिये चलती है।
• प्रतिभा धैर्य की महान् क्षमता मात्र है।
• यदि आप प्रतिभा के साथ उत्कृष्टता प्राप्त नहीं कर सकते हैं, तो प्रयास से विजयी बनें।
• हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है। दरअसल उस प्रतिभा को निखारने के लिए गहरे अँधेरे रास्ते में जाने का साहस कम लोगों में ही होता है।
• मुझे यकीन है कि हर व्यक्ति प्रतिभा के साथ पैदा होता है।

असंभव

• प्रत्येक अच्छा कार्य पहले असंभव नजर आता है।

प्रबंधन

• प्रबंधन अन्य लोगों के माध्यम से काम करवाने की कला है।
• प्रबंधन मत कीजिए, बदलाव का नेतृत्व कीजिए, इससे पहले कि आपको करना पड़े।

क्षमता

• बहुत कम लोगों में क्षमता का अभाव होता है; लेकिन वे असफल इसलिए होते हैं, क्योंकि वे अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करते।

बाधा

• बाधा जितनी बड़ी हो, उसे पार करने की प्रसिद्धि उतनी ही बड़ी होती है। कुशल नाविक भयानक तूफानों और झंझावातों में ही मशहूर होते हैं।

जोश

• बिना जोश के आज तक कोई भी महान् कार्य नहीं हुआ।

संघर्ष

• बिना संघर्ष के विकास नहीं हो सकता है।

बुद्धि

• बुद्धि की शक्ति उसके उपयोग में है, विश्राम में नहीं।

बुद्धिमान

• बुद्धिमान मनुष्य अपनी हानि पर कभी नहीं रोते, बल्कि साहस के साथ उसकी क्षतिपूर्ति में लग जाते हैं।

वाक्पटुता

• बोलने में समझदारी से काम लेना। वाक्पटुता से अच्छा है।

कठिनाई

• मैं कठिनाइयों से बचने की प्रार्थना नहीं करता, बल्कि मैं उन्हें सहन करने के लिए पर्याप्त सामर्थ्य प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ।

रहस्य

• मनुष्य के लिए जीवन में सफलता पाने का रहस्य है—हर आनेवाले अवसर के लिए तैयार रहना।

सीख

• मनुष्य सफलता से कुछ नहीं सीखता, विफलता से बहुत कुछ सीखता है।

मशीनीकरण

• मशीनीकरण करने के लिए यह जरूरी है कि लोग भी मशीन की तरह सोचें।

महत्त्व

• महत्त्व इस बात का नहीं है कि आप कितने अच्छे हैं। महत्त्व इस बात का है कि आप कितना अच्छा बनना चाहते हैं।

महान्

• महान् कार्य शक्ति से नहीं, अपितु उद्यम से संपन्न होते हैं।
• महान् कार्यों को पूरा करने के लिए न केवल हमें कार्य करना चाहिए, बल्कि स्वप्न भी देखने चाहिए; न केवल योजना बनानी चाहिए, अपितु विश्वास भी करना चाहिए।
• महान् विचार ही कार्य रूप में परिणत होकर महान् कार्य बनते हैं।
• महान् सपने देखनेवालों के महान् सपने हमेशा पूरे होते हैं।
• मैं महान् उसको मानता हूँ, जो स्वतः अपना मार्ग बनाते हैं; परंतु कहीं मिथ्या मार्ग पर चल पड़ें तो लौट आने का साहस और बुद्धि भी रखते हैं।

स्पष्टीकरण

• मात्र वही सही कार्य होते हैं, जिनके लिए कोई स्पष्टीकरण या कोई क्षमा न माँगनी पड़े।

जीवन

• मानव सुख जीवन में और जीवन परिश्रम में है।

मिल-जुलकर

• मिल-जुलकर काम करने के साथ खास बात यह है कि आपके पक्ष में हमेशा और भी लोग होते हैं।

आशावादी

• मुझे नहीं मालूम कि आशावादी ठीक हैं या निराशावादी, लेकिन आशावादी कुछ-न-कुछ जरूर कर पाएँगे।

मुश्किलें

• मुश्किलें वे औजार हैं, जिनसे ईश्वर हमें बेहतर कामों के लिए तैयार करता है।

योग्यता

• यदि अवसर का लाभ न उठाया जाए तो योग्यता का कोई मूल्य नहीं होता है।

भाग्य

• भाग्य साहसी का साथ देता है।

आशा

• यदि आप आशा नहीं करते हैं तो आपको इस बात का पता नहीं लगेगा कि आपकी आशाओं से परे क्या है।

कठिनाई

• यदि आप बार-बार शिकायत नहीं करते हैं तो आप किसी भी कठिनाई को दूर कर सकते हैं।

आत्मविश्वास

• यदि आप में आत्मविश्वास नहीं है तो आप हमेशा न जीतने का बहाना खोज लेंगे।

समाधान

• यदि आप सफल होना चाहते हैं तो अपना ध्यान समस्या खोजने में नहीं, समाधान खोजने में लगाइए।

जोखिम

• यदि आपके जीवन में असफलताएँ नहीं हैं तो आप पर्याप्त जोखिम नहीं उठा रहे हैं।

• यह संकल्प कर लें कि यह जोखिम लेने योग्य है तो आपको तत्काल कर्म करने का साहस जुटा लेना चाहिए।

• जोखिम उठाइए! पूरी जिंदगी एक जोखिम है। सबसे आगे निकलनेवाला व्यक्ति सामान्यतया वह होता है, जो कर्म और दु:साहस के लिए इच्छुक रहता है।

• जोखिम उठाएँ, यदि आप जीत जाते हैं तो आप प्रसन्न होंगे; यदि आप हार जाते हैं तो आप समझदार बन जाएँगे।

सपने

• वह एकमात्र स्थान, जहाँ पर सपने असंभव होते हैं, वह स्वयं आपका मस्तिष्क है।

• वे लोग भाग्यशाली हैं, जो सपने बुनते हैं और उनको वास्तविक बनाने के लिए कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं।

• सपने देखना बेहद जरूरी है, लेकिन केवल सपने देखकर ही मंजिल को हासिल नहीं किया जा सकता।

• सपने हमेशा सच नहीं होते, पर जिंदगी तो उम्मीद पर टिकी होती है।

इच्छा-शक्ति

• यदि हमारी इच्छा-शक्ति ही कमजोर होने लगेगी तो मानसिक शक्तियाँ भी उसी तरह काम करने लगेंगी।

धीरे

• यदि आपको रास्ते का पता नहीं है तो जरा धीरे चलें।

मस्तिष्क

• महान् ध्येय महान् मस्तिष्क की जननी है।

भविष्य

• याद रखें कि भविष्य एक बार में एक दिन करके आता है।

रुकावटें

• रुकावटें वे भयावह वस्तुएँ हैं, जो आप उस समय देखते हैं, जब आप अपने लक्ष्य से ध्यान हटा लेते हैं।

करने योग्य

• लोग क्या कहते हैं, इस पर ध्यान मत दो। सिर्फ यह देखो कि जो करने योग्य था, वह बन पड़ा या नहीं।

आत्मविश्वास

• लोगों को आत्मविश्वास देना ही अब तक का सबसे जरूरी काम है, जो मैं कर सकता हूँ; क्योंकि तब वे काम करेंगे।

समर्थ

• वह व्यक्ति समर्थ है, जो यह मानता है कि वह समर्थ है।

निशान

• वहाँ मत जाइए, जहाँ रास्ता ले जाए; बल्कि वहाँ जाइए, जहाँ कोई रास्ता नहीं है और वहाँ अपने निशान छोड़ जाइए।

उन्नति

• वही उन्नति कर सकता है, जो स्वयं अपने को उपदेश देता है।

विजेता

• विजेता से कभी नहीं पूछा जाएगा कि क्या उसने सच कहा था।

अपराध

• विफलता नहीं, बल्कि दोयम दर्जे का लक्ष्य एक अपराध है।

विश्वास

• विश्वास से आश्चर्यजनक प्रोत्साहन मिलता है।
• वे ही विजयी हो सकते हैं। जिनमें विश्वास है कि वे विजयी होंगे।

कला

• व्यर्थ की बातों से खुद को बचाना भी एक कला है।

संकल्प

• संकल्प ही मनुष्य का बल है।

निःशुल्क

• संचार, गणना और सूचना अब निःशुल्क वस्तुएँ बन गई हैं।

सामना

• सच्चाई का सामना ऐसे कीजिए, जैसे कि वह है, न कि जैसी थी या आप उसे जैसा होना चाहते हैं।

संसार

• समस्त संसार के लिए हो सकता है कि आप केवल एक इनसान हों, लेकिन संभव है कि किसी एक इनसान के लिए आप समस्त संसार हों।

तथ्य

• सत्य और तथ्य में बहुत बड़ा अंतर है। तथ्य सत्य को छिपा सकते हैं।

मेहनत

• सफल लोगों को असफल लोगों से अलग करनेवाली इकलौती चीज यह है कि वे बहुत कड़ी मेहनत करने के इच्छुक हैं।

जीवन

• जीवन का केवल इंतजार भर न करें। इसे जीएँ, सराहें, चखें, महकें और महसूस करें।

ज्ञानी

• सबसे अधिक ज्ञानी वही है, जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो।

बहादुर

• सबसे ज्यादा बहादुर लोग ही बेहद क्षमाशील तथा विवाद को टालने की कोशिश करनेवाले होते हैं।

सामर्थ्य

• सबसे बड़ी बात है कि स्वयं को चुनौती दें। आप स्वयं पर हैरान होंगे कि आप में इतना बल या सामर्थ्य है तथा आप इतना कुछ कर सकते हैं।

स्पष्ट

• सभी के साथ स्पष्ट रहिए।

नतीजा

• सबकी सुनने और माननेवाला किसी नतीजे पर नहीं पहुँचता।

समझदार

• समझदार व्यक्ति अपनी स्वयं की दिशा का अनुपालन करते हैं।

समस्या

• समस्या यह नहीं है कि समस्याएँ हैं, अन्यथा प्रत्याशित करना है और यह सोचना कि समस्याएँ हैं, यही समस्या है।
• समस्या से पूर्व चिंता करना अपनी हानि करना होता है।

असाधारण

• साधारण चीजें ही सबसे असाधारण होती हैं और सिर्फ बुद्धिमान लोग ही उन्हें देख सकते हैं।

कुछ-कुछ

• सारी चीजों के बारे में कुछ-कुछ और कुछेक के बारे में सबकुछ सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

सही

• सही काम करने के लिए समय हर वक्त ही ठीक होता है।
• सही टाइमिंग पर लगभग हर बात सकारात्मक तरीके से कही जा सकती है।
• सही प्रश्न पूछना मेधावी बनने का मार्ग है।
• सही मार्ग पर चलना 'यात्रा' है और बिना लक्ष्य के गलत राह पर चलना 'भटकना'।

दिशा

• हम हवा का रुख तो नहीं बदल सकते, लेकिन उसके अनुसार अपनी नौका के पाल की दिशा जरूर बदल सकते हैं।

भाग्य-निर्माता

• सारा उत्तरदायित्व अपने कंधों पर लो। याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो। तुम जो कुछ बल या सहायता चाहो, सब तुम्हारे ही भीतर विद्यमान है।

पश्चात्ताप

• सार्थक जीवन में समस्याएँ हो सकती हैं, परंतु उसमें कोई पश्चात्ताप नहीं होना चाहिए।

सार्थकता

• सार्थकता हासिल करने के लिए स्पष्ट तसवीर बिलकुल अनिवार्य है।

सीढ़ी

• सुअवसरों पर कदम बढ़ाना ही सफलता की सीढ़ी चढ़ने का उत्तम तरीका है।

सुनना

• सुनना एक कला है। इस कला के लिए कान और ध्यान दोनों चाहिए।

स्वप्नदृष्टा

• स्वप्नद्रष्टा और यथार्थ के स्रष्टा बनिए।

विश्वास

• साधन की सफलता विश्वास पर ही निर्भर करती है।

सम्मान

• सम्मान सच्चे परिश्रम में है।

भाग्य

• स्वयं को बदल दो, भाग्य बदल जाएगा।

उत्साहवर्धक

• स्वार्थ-लाभ ही सबसे बड़ा उत्साहवर्धक या आगे बढ़ानेवाला बल है।

सीखना

• हम जीवन से वही सीखते हैं, जो उससे वास्तव में सीखना चाहते हैं।

प्रेम

• हमने जहाँ श्रम किया है, वहाँ प्रेम भी करते हैं।

गौरव

• हमारा गौरव कभी न गिरने में नहीं है, बल्कि प्रत्येक बार उठ खड़े होने में है।

पहचान

• हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गई उपलब्धियों से होती है।

अवश्यंभावी

• हमारे कई सपने शुरू में असंभव लगते हैं, फिर असंभाव्य और फिर जब हममें संकल्प-शक्ति आती है तो वे सपने अवश्यंभावी हो जाते हैं।

प्रयास

• हमारे द्वारा कार्य के लिए लगाए गए समय का महत्त्व इतना नहीं है, जितना महत्त्व इस बात का है कि लगाए गए समय के दौरान हमने कितनी गंभीरता से प्रयास किया।

हार

• हमें कई बार पराजित होना पड़ सकता है; लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए।

नाम

• हमेशा अच्छा नाम छोड़कर जाएँ। हो सकता है, आप वापस आएँ।

संकल्प

• हमेशा याद रखिए कि सफलता के लिए किया गया आपका अपना संकल्प किसी भी और संकल्प से

ज्यादा महत्त्व रखता है।

प्रयास

• हमेशा समग्र प्रयास करें, तब भी जब परिस्थितियाँ आपके अनुकूल न हों।

खूबसूरती

• हर एक चीज में खूबसूरती होती है, लेकिन हर कोई उसे नहीं देख पाता।

श्रेष्ठ

• लंबे समय तक वे कंपनियाँ ही सफल बनी रहती हैं, जो अपने ही उत्पादों को दूसरों द्वारा अव्यवहार्य किए जाने के पूर्व स्वयं ही उन्हें अव्यवहार्य कर उनसे श्रेष्ठ उत्पादों को बाजार में उतार देती हैं।

कोशिश

• अंततः आप सबकुछ छोड़ दें, लेकिन अभी नहीं और उस समय तक नहीं, जब तक कि आपने अपनी सर्वोत्तम कोशिश पूरी नहीं कर ली है।

खरीद

• यदि आप उन्हें परास्त नहीं कर सकते तो उन्हें खरीद लीजिए।

कंपनी

• यदि आप एक कंपनी प्रारंभ करने की योजना बना चुके हैं तो बेहतर होगा कि आप हानि के भय की भावना पर विजय प्राप्त कर लें; क्योंकि कंपनी को आपकी समस्त ऊर्जा की आवश्यकता पड़ेगी।

चुनाव

• मैं यह स्वीकार करता हूँ कि मेरे सर्वोत्तम व्यापारिक निर्णयों का संबंध सदैव ही कार्य की आवश्यकता के अनुरूप सही व्यक्ति का चुनाव करने से रहा है।

धन्यवाद

• धन्यवाद की आशा मत कीजिए।

अशांत

• ईर्ष्या से आप अशांत न हों।

जगह

• हर बात और बिंदु की अपनी एक जगह होती है।

प्रचार

• अपने उत्पादों को बाजार में उतारने के लिए प्रचार माध्यमों (मीडिया) का ध्यान आकर्षित करें।

यातना

• मूर्खों की वजह से यातना न झेलें।

शून्य

• यदि आप चुपचाप बैठ जाएँ तो आपके पास जो कुछ है, उसकी कीमत बहुत जल्दी ही शून्य हो जाती है।

आकार

• आकार उत्कृष्टता के विरुद्ध कार्य करता है। यदि हमारी कंपनी बड़ी भी है, किंतु हम उस प्रकार नहीं सोचते हैं तो हम मृतक के समान हैं।

अव्यवहार्य

• उत्पाद सदैव ही अव्यवहार्य होते जाते हैं, इसलिए बेहतर होगा कि आप उसके अगले संस्करण पर कार्य करने में आनंद लें। यह एक खेल के समान है। यदि आप खेल अच्छी तरह खेलते हैं तो पुरस्कार-स्वरूप आपको फिर खेलने का अवसर मिलता है।

सुनिश्चित

• यह मेरा काम है और यदि मैं अपने विचार सुनिश्चित नहीं कर पाता तो मेरे यहाँ रहने का अर्थ क्या है?

सॉफ्टवेयर

• हम लोगों द्वारा बाजार में उतारे गए सॉफ्टवेयर में कोई महत्त्वपूर्ण त्रुटि (बग) नहीं है, जिसे अधिकांश उपयोगकर्ता सुधरवाना चाहते हैं।
• यह (सॉफ्टवेयर) हर किसी के लिए एक बड़ा परिवर्तन है। यह (सॉफ्टवेयर) पारिस्थितिकी तंत्र के हर हिस्से को रोजगार देता है।
• अगले दशक में महान् सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की कमी हो जाएगी।
• सॉफ्टवेयर के व्यवसाय में जब तक आप कुछ समझ पाते हैं, तब तक देर हो चुकी होती है और आप

संकट में घिर जाते हैं। तब खुद को बचा पाना मुश्किल हो जाता है। यदि पहले से चिंता नहीं करेंगे तो भागते ही रहेंगे।

जनप्रिय

• समृद्ध और जनप्रिय लोगों से जुड़ें।

स्वप्न

• स्वप्न स्वतंत्र होते हैं और इसलिए उनका किसी भी प्रकार, आकार या रूप में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ नहीं होता।

अंतर्बोध

• अकसर आपको केवल अंतर्बोध पर निर्भर होना पड़ता है।

ध्यान

• मेरी सफलता कम-से-कम आंशिक रूप से अवश्य ही इसलिए संभव हुई है, क्योंकि मैंने थोड़ी सी चीजों पर ही अपना ध्यान केंद्रित किया है।

शिक्षा

• हम सभी लोगों की सर्वोत्तम शिक्षा अपने-अपने तरीके से होती है। कुछ लोग एक विषय का। एक समय पर बहुत अच्छी तरह अध्ययन कर सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दो विषयों को एक साथ अच्छी तरह पढ़ सकते हैं। कुछ लोग पंक्तिबद्ध तरीके से अच्छा अध्ययन कर सकते हैं, जबकि दूसरे लोग विभिन्न विषयों पर कूदते हुए बेहतर अध्ययन करते हैं और एक विषय में आर-पार न जाकर उसे परिमित कर लेते हैं। कुछ लोग प्रतिरूपों को जोड़-तोड़कर सीखना पसंद करते हैं, किंतु कुछ अन्य लोग पढ़कर सीखते हैं।

समृद्ध लोग

• क्या समृद्ध लोगों के संसार को यह पता है कि बाकी 5 अरब लोग किस प्रकार जी रहे हैं? अगर हमें पता होता तो हम उनकी मदद करना चाहते। हम उनकी गरीबी के उन्मूलन में सन्निहित होना चाहते।

ऑनलाइन

• कागज अब जीवन का महत्त्वपूर्ण भाग नहीं है। मैं अपने 90 प्रतिशत समाचार ऑनलाइन प्राप्त करता हूँ। जब मैं किसी मीटिंग में जाता हूँ और विवरणों को नोट करना चाहता हूँ, तब मैं अपने टैबलेट पी.सी. को निकालता हूँ, जो मेरे कार्यालय की मशीन से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। इस प्रकार मैं उन सभी फाइलों तक पहुँच सकता हूँ, जिनकी मुझे आवश्यकता है।

उत्पाद

• माइक्रोसॉफ्ट को कम कीमत के उत्पादों को बाजार में उतारने और उनमें निरंतर सुधार करते रहने के लिए संघर्षरत रहने के कारण सफलता मिली है। हम लोगों ने वास्तव में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग को व्यक्तियों के लिए उपयोगी उपकरणों में बदलकर इसे पुनः परिभाषित किया है।

बच्चे

• जब मैं काम कर रहा होता हूँ, तब गंभीर रहता हूँ। घर पहुँचने के बाद अपने बच्चों के साथ मैं आराम करता हूँ।
• बच्चे मेरे लिए अद्‌भुत हैं। इससे मैं थोड़ा और संतुलित हो गया हूँ। अपनी 20 वर्ष की उम्र में मैंने बहुत परिश्रम किया, कभी छुट्‌टी नहीं ली। अब अपनी पत्नी के सहयोग से मैं यह सुनिश्चित कर लेता हूँ कि दोनों के बीच अच्छा सामंजस्य हो।

एड्‌स

• एड्‌स एक ऐसा रोग है, जिसके बारे में बात करना कठिन है। आदर्श तो यह होगा कि 100 प्रतिशत प्रभावशाली एड्‌स का टीका उपलब्ध हो।

जनसंख्या

• जैसे-जैसे आप समाज में स्वास्थ्य का सुधार करते हैं, जनसंख्या का विस्तार कम होता जाता है। इसके बारे में जानने के पहले मैं इसे विरोधाभासी समझता था।

पूँजीवाद

• पूँजीवादी व्यवस्था प्रशंसनीय है, क्योंकि लोगों को यह प्रेरित करती है। इसके कारण आश्चर्यजनक आविष्कारों को जन्म दिया जाता है। किंतु संसार भर में रोगोन्मूलन के क्षेत्र में इसने हम लोगों को निराश किया है।

रचनात्मकता

• तीव्र बुद्‌धिमत्ता एक भ्रांतिजनक अवधारणा है। इसमें एक प्रकार की जागरूकता, नए तथ्यों को आत्मसात्‌ करने की क्षमता, अंतर्दृष्टि-युक्त प्रश्न पूछना और उन क्षेत्रों से जोड़ना है, जो आरंभ में जुड़े हुए प्रतीत नहीं होते हैं। यह एक रचनात्मकता है, जो लोगों को प्रभावशाली बनाती है।
• मैं कहना चाहूँगा कि सुरक्षा हम लोगों के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है, क्योंकि आप कंप्यूटरों द्‌वारा सभी प्रकार के उद्‌दीपक कार्य, जैसे अपने जीवन को सुव्यवस्थित करना, लोगों के संपर्क में रहना और रचनात्मक कार्य आदि कर सकते हैं। यदि हम असुरक्षा की समस्या का निदान नहीं करते तो लोग

कंप्यूटरों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। व्यावसायिक संस्थाएँ अपनी महत्त्वपूर्ण व गोपनीय सूचनाओं को कंप्यूटर पर रखने में डरेंगी, क्योंकि इनके अनावृत्त होने से उनका दुरुपयोग हो सकता है।

स्वतंत्रता

• यदि आप लोगों को उपकरण दें और उन्हें उसे अपनी स्वाभाविक क्षमता एवं जिज्ञासा के अनुरूप इस्तेमाल करने की स्वतंत्रता दें तो वे ऐसी चीजें विकसित करेंगे, जो आपको चकित कर देंगी और वे आपकी आशा से बेहतर प्रमाणित होंगी।

व्यवहार

• कंप्यूटर के क्षेत्र में अनाड़ी व्यक्तियों के प्रति अच्छा व्यवहार कीजिए। ऐसी संभावना हो सकती है कि आपको ऐसे किसी व्यक्ति के लिए काम करना पड़े।

उपकरण

• प्रौद्योगिकी मात्र एक उपकरण है। बच्चों के विशेष ढंग से एक साथ काम करने एवं उन्हें प्रेरित करने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

उलझन

• मैंने वास्तव में सोचा कि यह थोड़ी उलझन पैदा करनेवाली बात होगी कि एक ही समय में एक मीटिंग के दौरान आप पैसा कमाने की कोशिश करें और दूसरी मीटिंग में उस पैसे को दूसरों को देने की।

विशिष्ट

• मैं नहीं समझता कि मनुष्य की बुद्‍धि में कुछ भी विशिष्ट है। मस्तिष्क की सभी तंत्रिकाएँ (न्यूरोसेंस), जिनसे प्रत्यक्ष ज्ञान और संवेगों की अनुभूति होती है, वे बाइनरी पद्‍धति से काम करते हैं।

लोकोपकार

• मैं लोकोपकारी कार्यों के बारे में सोचने से दूर हो गया था। किंतु जब मेरे पास बहुत अधिक धन हो गया, तब मैंने और मेलिंडा ने इस सत्य को महसूस किया कि धन कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे बच्चों को विरासत में देना अच्छा होगा।

संचार

• मैं इस तथ्य में बहुत विश्वास करता हूँ कि संचार में वृद्‍धि करनेवाले किसी भी उपकरण का गहन प्रभाव लोगों के एक-दूसरे से सीखने की प्रक्रिया पर पड़ता है, जिससे वे अपनी रुचि के अनुरूप स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं।

अकर्मण्य

• हम लोग अगले दो वर्षों में होनेवाले परिवर्तन को सदैव ही वास्तविकता से अधिक आँकते हैं और अगले दस वर्षों में होनेवाले परिवर्तन को वास्तविकता से कम। अकर्मण्य बनकर अपनी गति धीमी मत कीजिए।

मानक

• एक नए मानक की रचना करने के लिए कुछ ऐसे कार्य करने पड़ते हैं, जो कम मुश्किल नहीं होते। इसके लिए वास्तव में कुछ ऐसा नया करना पड़ता है, जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर सके। मैंने जिन मशीनों को अब तक देखा है, उनमें सर्वश्रेष्ठ वही हैं, जो उन मानकों को पूरा करती हैं।

वचनबद्धता

• संस्थानों की महानता संबंधित लोगों की उच्चस्तरीय वचनबद्धता से ही निर्मित होती है।

धर्म

• समय रूपी संसाधन के आवंटन की दृष्टि से धर्म बहुत कार्य-साधक नहीं है। रविवार की सुबह मैं और बहुत कुछ कर सकता हूँ।

सुरक्षा

• यह स्पष्ट किया गया है कि अधिकांश लोग अज्ञानतावश वायरस डाउनलोड कर लेते हैं। वे तब तक नहीं जानते कि वे ऐसा कर रहे हैं, जब तक कि काफी देर नहीं हो जाती। यहाँ मैं यही स्पष्ट करना चाहता हूँ। हम उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करने की बात कर रहे हैं।

अद्भुत समय

• व्यापार-संसार में प्रवेश करने का यह एक अद्भुत समय है, क्योंकि पिछले 50 वर्षों में हुए परिवर्तनों की तुलना में व्यापार अगले दस वर्षों में कहीं अधिक परिवर्तित होने वाला है।

बौद्धिक संपदा

• बौद्धिक संपदा की आयु एक केले की आयु जितनी होती है।

कार्यक्षमता

• किसी व्यवसाय में उपयोग की जानेवाली प्रौद्योगिकी का पहला नियम यह है कि किसी भी कार्यदक्ष पद्धति में स्वयं गतिशीलता का प्रयोग किए जाने पर कार्यक्षमता में वृद्धि हो जाती है। दूसरा नियम यह है कि किसी अकार्यदक्ष पद्धति में स्वयं गतिशीलता के प्रयोग किए जाने पर अदक्षता में वृद्धि होती है।

इंटरनेट

• इंटरनेट किसी भी प्रकार से एक तुच्छ विषय नहीं है। वास्तव में, यह एक आकर्षक वस्तु है। यह सॉफ्टवेयर और कंप्यूटरों को अधिक प्रासंगिक बनाता है।
• इंटरनेट पर लेन-देन से बिचौलिए गायब हो जाएँगे और विकास के नए मानदंड विकसित होंगे।
• इंटरनेट आनेवाले कल के भूमंडलीय गाँव का चौक बनता जा रहा है।

पी.सी.

• हम लोग उस मूल स्वप्न को पूरा करने के नजदीक भी अभी नहीं पहुँच सके हैं कि पी.सी. क्या हो सकता है।
• जब पी.सी. को बाजार में उतारा गया तो लोग यह जानते थे कि यह महत्त्वपूर्ण है।
• पर्सनल कंप्यूटर (पी.सी.) उद्योग के उद्‍भव के लिए हम लोग जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने गणना के लिए उपयुक्त मशीनों और बहुत से सॉफ्टवेयर निर्मित करने का संपूर्ण विचार प्रस्तुत किया है। यह सुनिश्चित करना हम लोगों की जिम्मेदारी है कि असुरक्षा जैसी समस्याएँ हमारे स्वप्नों के रास्ते में न आने पाएँ।

आशान्वित

• जब मैं भविष्य की ओर देखता हूँ तो आनेवाली चीजों के बारे में सोचकर बहुत आशान्वित रहता हूँ।
• मैं आशान्वित हूँ और मेरा विश्वास है कि अगली शताब्दी में लोगों के विचार अधिक विश्व व्यापी होंगे, जहाँ आप केवल यही नहीं सोचते कि हाँ, मेरा देश ठीक तरह से चल रहा है, बल्कि आप समस्त संसार के लिए सोचते हैं।

शिक्षित

• जब तक हर बच्चे को हम कल्पनाशील तरीके से शिक्षित नहीं कर लेते, जब तक प्रत्येक आंतरिक शहर साफ नहीं कर लिया जाता, तब तक कोई कमी नहीं है।

ओपेन सोर्स

• आप वहाँ ओपेन सोर्स को इसलिए पाते हैं, क्योंकि हम लोगों ने यहाँ आकर कहा कि लाखों मशीनों के लिए एक ऐसा मंच होना चाहिए, जो सभी के लिए समरूप हो।

परिवर्तन

• जिन दो क्षेत्रों में परिवर्तन हो रहे हैं, वे हैं—सूचना प्रौद्योगिकी और चिकित्सा प्रौद्योगिकी। 20 वर्षों बाद इन क्षेत्रों में परिवर्तनों के कारण दुनिया आज से बिलकुल भिन्न हो जाएगी।

जिम्मेदारियाँ

• जब मैं इस श्रेष्ठ स्थिति में अप्रत्याशित रूप से पहुँचा तो मुझ पर कुछ जिम्मेदारियाँ भी आ पड़ी हैं।

व्यवहार

• व्यवहार को परिवर्तित करने में हम लोगों को बहुत अधिक पैसे खर्च करने हैं।

भविष्य

• अपने भविष्य का निर्माण स्वयं कीजिए।
• अपने भाग्य का निर्माता स्वयं बनिए।
• रात में देर तक कठिन परिश्रम कीजिए।
• सदैव अपने परिवेश के बारे में चैतन्य रहिए।
• आप जो कुछ देखते हैं, वही संसार है।
• वर्तमान के रूप में ही भविष्य आपके सामने आएगा।

स्क्रीन

• जब आप अपने घर का काम करना चाहते हैं, अपना टैक्स रिटर्न भरना चाहते हैं या अपनी यात्रा पर जाने के पूर्व सभी विकल्पों को देखना चाहते हैं तो आपको पूरे आकार के एक स्क्रीन की आवश्यकता है।

विंडोज 2000

• विंडोज 2000 में ऐसे विशिष्ट गुण मौजूद हैं, जैसे मानवीय अनुशासन से संबंधित अवयव, जिसके कारण पी.सी. अपने की-बोर्ड के माध्यम से बिजली का एक हलका आघात उस स्थिति में दे सकता है, जब कोई व्यक्ति कुछ ऐसा कर रहा हो, जिसे विंडोज पसंद नहीं करता।

बग्स

• आप यह समझ लें कि कृपालुता और उदारता जैसे पुराने विचार मात्र बग्स हैं, जिन्हें हमारे संसार से बाहर करने के लिए निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। ये ठंडी और संवेदनशील मशीनें हमें रास्ता दिखाएँगी।

प्रक्रिया

• अधिकतम सूचना प्रवाह प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं की डिजाइन फिर से बनाएँ, जिससे आप अपनी महत्त्वपूर्ण व्यापारिक समस्याओं का समाधान कर लेंगे।

• प्रक्रियाओं की समस्याएँ अंततः सरलीकरण की समस्याएँ ही होती हैं। कम-से-कम कर्मचारियों को काम पर लगाने का अर्थ है—कम-से-कम गैर-हाजिरी।

• पद्धतियों की समस्याओं पर विभिन्न दृष्टिकोणों से आक्रमण करें और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल एक ऐसी सुप्रवाही प्रक्रिया निर्मित करने के लिए करें, जो पहले कभी संभव नहीं थी। सभी प्रक्रियाओं का समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन करें।

• केवल सूचना प्रौद्योगिकी को ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक प्रमुखों को भी प्रौद्योगिकी को समाहित करनेवाली प्रक्रियाओं के बारे में निर्णय लेना चाहिए।

• एक त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया काम में लगनेवाले वास्तविक समय की अपेक्षा दस गुना अधिक समय ले सकती है। एक अच्छी प्रक्रिया समय की बरबादी कम करेगी, प्रौद्योगिकी बचे हुए वास्तविक कार्यों को जल्द निबटाएगी।

स्वचालित

• नियत कार्य करनेवाले कर्मचारी चले जाएँगे। उनके काम स्वचालित हो जाएँगे या ऐसे बड़े कार्यों में मिश्रित हो जाएँगे, जिनके लिए ज्ञान की आवश्यकता होगी।

उत्पादन

• उत्पादन प्रक्रिया की आंतरिक कार्य-प्रणाली को कर्मचारी जितनी अच्छी तरह से समझते हैं, उतनी ही बुद्धिमानी से वे उन प्रक्रियाओं को चला सकते हैं।

• उत्पादन पद्धतियों से संबंधित वास्तविक समय के आँकड़े आपको इस योग्य बनाते हैं कि आप किसी मशीन के टूटने से पहले ही उसके अनुरक्षण की व्यवस्था कर सकें।

बाजार

• व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए बाजार की पिछली और वर्तमान स्थितियों को नजरअंदाज करते हुए बड़े लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए।

• बाजार की स्थितियों को जानने के लिए यह अध्ययन अनिवार्य है कि इसके कहाँ तक पहुँचने की संभावना है और किन्हीं विशेष परिस्थितियों में यह कहाँ पहुँच सकता है। इसके बाद ही किसी कंपनी को पूर्व निर्धारित रचनात्मक लक्ष्य तक ले जाए जा सकता है।

पारिश्रमिक

• उन्नत गुणवत्ता के साथ पारिश्रमिक को जोड़ना तभी कारगर होगा, जब गुणवत्ता संबंधी समस्याओं की सही समय पर प्रतिपुष्टि या सूचना प्राप्त हो।

जटिलता

• सभी पुनराभियांत्रिकी परियोजनाओं में, विशेष रूप से जिनमें प्रौद्योगिकी समाहित है, जटिलता ही उनकी मृत्यु का कारण है।

जोखिम

• सबसे गूढ़ तत्त्व यह है कि बड़े जोखिम बड़ी उपलब्धियों का सूत्रपात करते हैं अथवा बड़ी उपलब्धियों के साथ बड़े जोखिम भी जुड़े रहते हैं।
• जोखिम उठाना किसी भी विकसित हो रहे उद्योग का एक भाग है।
• बड़े जोखिमों का परिणाम बड़ी विफलताओं के रूप में भी आ सकता है।
• बड़ी जीत के लिए आपको कभी-कभी बड़ा जोखिम लेना चाहिए।
• यदि आप शीघ्र जोखिम उठाने से इनकार करते हैं तो बाद में बाजार में आपकी अवनति होगी।
• यदि आप बड़े जोखिम लेते हैं और उनमें से कुछ में भी सफलता मिल जाती है तो वह आपके भविष्य के लिए उपार्जन कर देगा।
• कंपनी में जब जोखिम उठाया जाता है तो कंपनी बड़ी तेजी से विकसित और समृद्ध होती है।

प्रौद्योगिकी

• विकास प्रारंभ करने के लिए नई प्रक्रियाओं और नए प्रौद्योगिकी समाधानों के साथ प्रयोग करना अनिवार्य है। एक नई प्रक्रिया या अनुप्रयोग के साथ उत्पन्न होनेवाली प्रत्येक युक्ति या समस्या को चूँकि पहले से नहीं बताया जा सकता, इसलिए यह जरूरी है कि उन्हें यह जानने के लिए इस्तेमाल किया जाए कि वास्तव में कौन सी युक्ति काम कर रही है और कौन सी नहीं।
• यदि जनरल मोटर्स कंप्यूटर इंडस्ट्री के हिसाब से अपनी प्रौद्योगिकी का विकास करता तो आज हम 25 डॉलर की कार चला रहे होते, जो 1,000 मील प्रति गैलन के हिसाब से चलती।
• आई.टी. क्षेत्र में भारत की शानदार सफलता का एक हिस्सा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों जैसे संस्थानों में किए शानदार निवेश से आता है।
• प्रौद्योगिकी सिर्फ एक उपकरण है।
• टेक्नोलॉजी और बिजनेस साथ-साथ चलें।
• दोबारा विकसित की जा रही सभी अभियांत्रिक परियोजनाओं में जटिलता ही उनकी मृत्यु का कारण बनती है, विशेष रूप से उन परियोजनाओं में, जिनमें प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है।

डिजिटल नर्व्स सिस्टम

• एक डिजिटल नर्व्स सिस्टम की रचना प्रारंभ करने के लिए सबसे पहले हमें व्यापार को चलाने और बाजार एवं अपने प्रतिद्वंद्वियों को समझने के लिए आवश्यक सूचनाओं का एक आदर्श चित्र विकसित करना चाहिए।
• एक उत्कृष्ट डिजिटल नाड़ी संस्थान समय की माँग है। इससे एक संगठन के अंदर सूचनाओं का आदान-प्रदान ठीक उसी प्रकार तेजी से और स्वाभाविक रूप से होता है जैसे मनुष्यों के बीच; और

इसलिए इसे लोगों की टीमों को क्रमबद्ध करने और उनके बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए उसी गति से इस्तेमाल किया जा सकताहै।
• एक डिजिटल नाड़ी संस्थान यह संभावना उत्पन्न कर देगा कि आपके संगठन के किसी कोने से शीघ्र ही तथ्यों और विचारों को सतह पर लाया जा सके।
• एक संगठन का नाड़ी संस्थान मनुष्यों के नाड़ी संस्थान के ही समान होता है।
• व्यवसाय की समझ के विकास में एक डिजिटल नाड़ी संस्थान दो प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करता है। यह व्यक्ति की विश्लेषक क्षमता को ठीक उसी प्रकार बढ़ा है जैसे मशीनें हमारी शारीरिक क्षमताओं को बढ़ा देती हैं। दूसरे, यह संगठनात्मक बुद्धि और संयुक्त क्षमता उत्पन्न करने के लिए विभिन्न व्यक्तियों की क्षमताओं को जोड़ देता है, जो हमें सक्रियता प्रदान करती हैं।

सूचना-प्रवाह

• सूचनाओं का प्रवाह आपकी कंपनी का सारभूत द्रव्य है, क्योंकि यह आपको इस योग्य बनाता है कि आप अपने लोगों का अधिकतम उपयोग कर सकें तथा अपने ग्राहकों से सीख सकें।

आंतरिक संचार

• जिस प्रकार किसी भी व्यक्ति में नाड़ी संस्थान अनिवार्य है, उसी प्रकार एक कंपनी में आंतरिक संचार व्यवस्था का होना जरूरी है, ताकि उन्हीं क्रियाओं में सामंजस्य स्थापित किया जा सके।
• प्रत्येक व्यवसाय में, चाहे वह कोई भी उद्योग क्यों न हो, स्वचालित प्रणालियाँ होती हैं। यदि कंपनी को बनाए रखना है तो इन कार्यकारी प्रक्रियाओं को चलते रहना होगा।
• प्रत्येक व्यवसाय में उसके व्यावसायिक उद्देश्य के हृदय-स्वरूप एक आंतरिक प्रक्रिया होती है। यह उत्पादों की डिजाइन या निर्माण अथवा सेवाओं का संप्रेषण भी हो सकता है।
• निपुणता और विश्वसनीयता की आवश्यकता ने अनेक प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए प्रेरित किया है।
• आपको अपने सर्वश्रेष्ठ ग्राहक से इस आशय का एक फोन मिल सकता है कि वह आपके सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी से संबंध स्थापित करने जा रहा है या वह प्रतिद्वंद्वी कोई उत्कृष्ट उत्पाद बाजार में उतार सकता है या आपका कोई उत्पाद दोषपूर्ण है अथवा आपके समक्ष उत्पादन के ध्वस्त हो जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है।
• क्या यह एक दुर्बलता नहीं है कि आपकी कंपनी से बाहर का कोई व्यक्ति आपके द्वारा इस्तेमाल की जानेवाली सूचनाओं से अधिक सूचनाएँ प्राप्त कर रहा है?

डिजिटल समाधान

• माइक्रोसॉफ्ट का यह स्वप्न है कि ऐसे सॉफ्टवेयर प्रस्तुत किए जाएँ, जो सभी डिजिटल उपकरणों को जोड़ सकें और लोगों को वेब जीवन-शैली पर आधारित डिजिटल समाधान निर्मित करने की क्षमता प्राप्त हो सके।

• आपको अपने व्यवसाय से संबंधित आँकड़ों को प्रत्येक चरण पर एकत्रित करनाचाहिए।

बुरी खबर

• बुरी खबरों की यह सहज प्रवृत्ति होती है कि वे इतनी तीव्र गति से फैलती हैं कि अच्छी खबरें पीछे छूट जाती हैं।

सही रास्ता

• जब एक व्यक्ति सही रास्ते पर पहुँच जाए तो उसे आगे-ही-आगे बढ़ते जाना चाहिए। दूसरों को कभी मत समझाइए कि आप क्या करने जा रहे हैं, अन्यथा आपकी योजना से अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे।

समय बरबाद

• पीछे के आईने में देखना समय बरबाद करना है।

पश्चात्ताप

• अपनी पिछली गलतियों पर कभी पश्चात्ताप न करें। जो बीत गई सो बात गई। सदैव आगे देखिए और सावधान रहिए। दूसरे लोग आपका अनुकरण करेंगे।

नेतृत्व

• मैं नेतृत्व करने के लिए पैदा हुआ हूँ, न कि अनुगमन करने के लिए।

हस्तांतरण

• शेयरधारकों के हित का सर्वोपरि ध्यान रखते हुए मैं बहुत सावधानी से हस्तांतरण करूँगा।

संतुष्ट

• आपके पास जो कुछ है, उससे आप कभी संतुष्ट न होएँ। कुछ नया पाने के लिए सदैव उद्विग्न रहिए।

हासिल

• यदि आप बुद्धिमान हैं और यह जानते हैं कि अपनी बुद्धि का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए, तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं।

परिश्रम

• यदि आप कठिन परिश्रम नहीं करते तो आप कभी भी सफल नहीं हो सकते।

बाजार

• अपने प्रयासों को उस बाजार पर केंद्रित करें, जिसमें बड़ी संभावनाएँ हों, किंतु अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हों।

व्यवसाय

• व्यवसाय में जल्दी और बड़े आकार में प्रवेश करें।

प्रभुत्व

• प्रभुत्व स्थापित करें। इस स्थिति को हर संभव तरीके से बचाएँ।

लाभ

• अधिक सकल लाभ का लक्ष्य रखें।

प्रस्ताव

• ग्राहकों को ऐसा प्रस्ताव दें, जिसे वे इनकार न कर सकें।

विविध

• हम लोग हर समय कुछ-न-कुछ सोचते रहते हैं। उदाहरण के लिए, आवाज को पहचानने की प्रौद्योगिकी कब इस योग्य बन जाएगी कि सभी लोग उसका इस्तेमाल कर सकेंगे? इस वर्ष हम लोगों ने इस विषय में काफी प्रगति की है। मैं समझता हूँ कि आवाज को पहचानने की तकनीक के क्षेत्र में किए गए हमारे अच्छे कार्यों से लोग चकित हो जाएँगे।

• मैं अपना काम पसंद करता हूँ, क्योंकि इसमें सीखना शामिल है। मैं उन बुद्धिमान लोगों के साथ रहना पसंद करता हूँ, जो नई चीजों को समझने का प्रयास करते हैं। मैं इस तथ्य को पसंद करता हूँ कि यदि लोग सचमुच कोशिश करें तो वे जान सकते हैं कि किस प्रकार नई चीजों की खोज की जाए, जिसका वास्तव में प्रभाव पड़े।

• यदि आप पूछ रहे हैं कि मैं जान-बूझकर अपने बाल अव्यवस्थित कर लेता हूँ तो नहीं, मैं ऐसा नहीं करता। जहाँ तक चित्तियों की बात है, वे वहाँ स्वाभाविक रूप से हैं। मैं जानबूझकर कुछ नहीं करता। मैं समझता हूँ कि मुझे कॉण्टेक्ट लेंस ले लेना चाहिए तथा मुझे अपने बालों में और जल्दी-जल्दी कंघी करनी चाहिए।

• व्यवसाय में जब तक आप यह महसूस करते हैं कि आप कष्ट में हैं, तब तक अपना बचाव करने के लिए काफी देर हो चुकी होती है। इसलिए यदि आप हर समय भयभीत नहीं रहते हैं तो आप मिट जाएँगे।

• आइए, इसका मुकाबला करें। एक औसत कंप्यूटर उपयोगकर्ता के पास लंबी पतली टाँगों और पूँछवाले

अमेरिकी बंदर (स्पाइडर मंकी) के समान ही मस्तिष्क होता है।

• मैं समझता हूँ कि आज बहुत से ऐसे लोग हैं, जो ऑनलाइन क्रय-विक्रय करते होंगे। वे वहाँ (ऑनलाइन) जाते हैं और सूचनाएँ प्राप्त करते हैं; लेकिन जब क्रेडिट कार्ड के विवरणों को टाइप करने का समय आता है, तब दो बार सोचते हैं, क्योंकि वे यह सुनिश्चित नहीं कर पाते कि यह किस प्रकार संपन्न होगा और इसका उनके लिए परिणाम क्या होगा।

• हमें जो करना है, हम अभी उसके प्रारंभ में ही हैं।

• मेरे पास 100 अरब डॉलर हैं। इसका अर्थ यह है कि मैं 30 लाख डॉलर प्रतिदिन अगले 100 वर्षों तक उस स्थिति में भी खर्च कर सकता हूँ, जबकि मैं 1 डॉलर भी आगे न कमाऊँ। आपसे क्या कहना है, मैं आपके अधिकारों को 10 लाख डॉलर में खरीद लूँगा। मैं आपको 10 लाख डॉलर दूँगा और आपसे यहाँ काम लूँगा।

• मैं विश्वास करता हूँ कि यदि आप लोगों को समस्याएँ दिखाएँ और उन्हें उनके समाधान भी बताएँ तो वे सक्रिय होने के लिए प्रेरित होंगे।

• हे! मैंने किसी से भी अपने स्टॉक को खरीदने के लिए नहीं कहा है। माइक्रोसॉफ्ट के स्टॉक के व्यापार से मुझसे कम प्रसन्न कोई नहीं है। इस वर्ष मैंने दसियों अरब डॉलर का नुकसान सहा है। यदि आप इसकी जाँच करें तो पाएँगे कि यह राशि उससे अधिक है, जितनी अधिकांश लोग अपने पूरे जीवनकाल में कमाते हैं।

• मैंने इस व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा को सदैव पसंद किया है। बैठकों के दौरान मैंने अपनी टीम को सदैव यह कहकर प्रोत्साहित किया है कि हे, हम लोग इससे अच्छा कर सकते हैं। ऐसा क्यों है कि हम इससे आगे नहीं निकल सके? यही मेरे कार्य को संसार में सबसे अधिक रुचिकर बनाता है।

• मैं उत्पादों का निर्माण करना और लोगों द्वारा उनका इस्तेमाल किया जाना देखना पसंद करता हूँ। किंतु आप जानते हैं कि सफलता प्राप्त होने पर सरकार से वार्त्तालाप की आवश्यकता उत्पन्न हो जाती है।

• हम सदैव अपने आपसे कहते हैं—हमें नूतन परिवर्तनों को लाना है और नए उत्पादों को प्रस्तुत करना है। वास्तव में जिस प्रकार सॉफ्टवेयर काम करते हैं, जब तक आप अपने उपलब्ध सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते रहते हैं, आप हमें कोई भी भुगतान नहीं करते। अतः हमें केवल नए-नए उत्पादों के लिए ही भुगतान मिलता है।

• 30 वर्षों पूर्व जब माइक्रोसॉफ्ट का उदय हो रहा था तो अब उन बीते दिनों को याद करके सबकुछ अविश्वसनीय लगता है। यह मुझे महसूस कराता है कि कार्य में किस प्रकार बदलाव आया है। अंततोगत्वा हम लोग उस ओर बढ़ रहे हैं, जिसे मैं डिजिटल जीवन-शैली कहता हूँ।

• मैं अकसर सोचता हूँ कि यदि माइक्रोसॉफ्ट एक कार होती तो हम लोग एक बहुत बड़ा गैस यंत्र और एक बहुत छोटा ब्रेक रखते। हम लोगों के सामने वायु से बचने का एक बहुत बड़ा शीशा (विंड स्क्रीन) होता, जिससे हम देखते कि हम कहाँ जा रहे हैं। किंतु पीछे की वस्तु देखने का शीशा (रियर व्यू मिरर) नहीं होगा, क्योंकि हम जानते हैं कि प्रतिस्पर्धा ठीक हमारी पूँछ पर है। इसलिए हमें पीछे देखने की आवश्यकता नहीं है। पीछे का दृश्य देखने के लिए शीशे में देखना समय बरबाद करना है।

• मैं वास्तव में यह जानता हूँ कि सॉफ्टवेयर किस प्रकार लिखा जाता है, इसलिए मैं समझता हूँ कि मानकों का एक पूरा नया संसार ही विकसित किया जाना है। मेरी टीम के लोग इस तथ्य के बारे में सजग

हैं और मेरा कोई भी प्रतिद्वंद्वी इसे कर पाने में सक्षम नहीं है।

• हमें अफसोस है कि हम लोगों को वॉशिंगटन की उपस्थिति प्राप्त करनी पड़ रही है। अपने प्रथम 16 वर्षों तक हमने इसके बिना ही प्रगति की। मैंने कभी भी वॉशिंगटन का कोई राजनीतिक दौरा नहीं किया है और हम लोगों का कोई व्यक्ति वहाँ नहीं था। यह हमारे राडार स्क्रीन पर नहीं था। हम लोग केवल श्रेष्ठ सॉफ्टवेयर निर्मित कर रहेथे।

• मैं यह भविष्यवाणी कर सकता हूँ कि अगले दशक में हम लोग '90 के दशक की तुलना में दूने से अधिक उत्पादकता एवं सुधार प्रदान कर सकते हैं।

• मेरी आकांक्षा वास्तव में कार्यकर्ताओं को सक्षम बनाना और जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में समस्त सूचनाएँ देना है, ताकि वे अब तक जो कर चुके हैं, उससे और ज्यादा कर सकें।

• कब से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर डिजाइन लोगों की इच्छा के अनुरूप बनाया जा रहा है? यह मात्र विकास का प्रश्न है। एक ऐसा दिन जल्दी ही आएगा, जब हर व्यक्ति अपने घुटनों पर टिककर पहले सिलिकॉन के आगे झुकेगा और आप सब अपने बाइनरी देवताओं से दया की भीख माँगेंगे।

• हम लोग घड़ियों, फोन, टी.वी. सेट्स और कारों के लिए सॉफ्टवेयर का निर्माण कर रहे हैं। इनमें से कुछ के चल निकलने में काफी समय लगता है।

• हम लोगों के पास लगभग 90 प्रतिशत ब्राउजर स्पेस (कंप्यूटर द्वारा किसी फाइल को खोलकर देखने की प्रक्रिया 'ब्राउजिंग' कहलाती है) जिसमें हम कार्यरत हैं। अब फायरफॉक्स आ गया है और उसके विचारों को प्रेस पसंद करता है। इसलिए हमारी वचनबद्धता यह है कि हम फायरफॉक्स की तुलना में अपने ब्राउजर को सुरक्षा और विशिष्टता दोनों ही दृष्टि से सर्वोत्तम बनाए रखें।

• टोनी ब्लेयर और गॉर्डन ब्राउन जैसे लोगों का हमें आभारी होना चाहिए कि उनके नेतृत्व में लिव 8 के लिए भारी संख्या में यहाँ और सारी दुनिया में लोगों का सामने आना इसे सिद्ध करता है कि संसार भर में इस बात की माँग प्रारंभ हो रही है कि विश्वव्यापी स्तर पर स्वास्थ्य-सुधार एवं गरीबी-उन्मूलन के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए।

• आपके विद्यालय ने विजयी और असफल लोगों को भुला दिया होगा, किंतु जीवन में ऐसा नहीं होता। कुछ विद्यालयों में उन्होंने असफलता संबंधी श्रेणी ही समाप्त कर दी है। वे सही उत्तर प्राप्त करने के लिए आपकी इच्छानुसार अवसर प्रदान करते हैं। इसकी थोड़ी भी अनुरूपता किसी चीज से नहीं है।

• मैंने लगभग दस वर्षों पूर्व महसूस किया कि मेरी संपत्ति समाज में वापस जानी चाहिए। अपने बच्चों को इतनी संपत्ति, जिसके आकार की कल्पना करना मुश्किल है, विरासत में देना बहुत अच्छा नहीं होगा। यह उनके लिए रचनात्मक नहीं है।

• यदि मैंने अपनी सीमा निर्धारित करने के लिए कुछ निश्चित विचार बनाया होता तो क्या आप नहीं सोचते हैं कि मैंने उसे वर्षों पहले ही पार कर लिया होता?

• साधारण समाचार-पत्र अभी अधिक समय तक टिका रहेगा। अस्तित्व में बने रहने के लिए अंततोगत्वा प्रिंट मीडिया को भी इसे (डिजिटल माध्यम) अपनाना होगा।

• मुझे एक ऐसे भविष्य की प्रतीक्षा है, जब किसी देश की सरकार अपनी अभिलेख प्रणाली से कागज को पूर्णत: समाप्त कर देगी।

• मैं अति सक्रिय हूँ। यह विशिष्टता मेरे कंप्यूटर व्यापार में बहुमूल्य सिद्ध हुई है। मेरे लिए खाली बैठना

लगभग असंभव है। बात करते या चिंतन करते हुए आगे-पीछे झूलते रहने की मेरी आदत से उद्योग के लोग सुपरिचित हैं।

• एक व्यवसायी के रूप में भी मैं व्यग्र रहता हूँ। यह एक ऐसा गुण है, जिसने माइक्रोसॉफ्ट को आत्म-तृप्ति से बचाया है और आई.बी.एम. जैसे प्रतिद्वंद्वियों को आक्रांत किया है।

• मैं अपने प्रतिद्वंद्वियों को आगे न निकलने देने के लिए कृतसंकल्प हूँ। यही कारण है कि विश्वव्यापी स्तर पर मैं अपने व्यवसाय को हानि से बचाने का प्रबंध कर रहा हूँ। यह एक ऐसी नीति है, जो मेरे विशिष्ट विचारों और सूचनाओं के संयोजन से उपजती है।

• उत्तम स्तर के दृष्टिमूलक चित्रों की निरंतर बढ़ती हुई उपलब्धता ऑनलाइन प्रचार को और विकसित करेगी तथा इंटरनेट कुछ अत्यंत महत्त्वाकांक्षी एवं लक्षित रचनात्मक प्रचारों को एक सर्वोत्तम मंच उपलब्ध कराएगा।

• भविष्य में दुनिया में कागज अतीत की वस्तु बनकर रह जाएगा। न तो पाठ्य-पुस्तकें होंगी और न ही पत्रिकाएँ या समाचार-पत्र। इसकी जगह टैबलेट पी.सी. ले लेंगे।

• किसी संकट की स्थिति में या किसी आयोजनाबद्ध घटना की प्रतिक्रिया के रूप में अपनी शक्तियों को एकत्रित करने में समर्थ बनने के लिए किसी कंपनी की अच्छी व्यापारिक प्रतिवर्ती क्रियाएँ दैनिक कार्यक्रमों में शामिल होनी चाहिए।

• भविष्य की दुनिया में घर के अंदर दीवारों पर स्क्रीन टँगे होंगे, जिनमें आवाज पहचानने और आदेश लेने की क्षमता होगी, जबकि सार्वजनिक स्थानों पर लोग कैमरे द्वारा पहचानी जानेवाली अपनी उँगली की छाप के माध्यम से संदेश प्रेषित करेंगे और उन सूचनाओं को उनके घर के कंप्यूटर में संगृहीत किया जा सकेगा।

❑

संदर्भ स्त्रोत

1. बिल गेट्स स्पीक्स, जेनेट लोवे, जॉन विले एंड संस इंसरसन, टोरंटो, कनाडा
2. इंपेटेंट ऑप्टिमिस्ट बिल गेट्स इन हिज ऑन वर्ड्स, संपादन लीजा रोजेक, मेंडल मीडिया ग्रुप, न्यूयॉर्क
3. www.businessinsider.com/bill-gates-quotes
4. www.goodreads.com/author/quotes/23470.Bill_Gatesý
5. www.brainyquote.com/quotes/authors/b/bill_gates.htmlý
6. http://www.successories.com/iquote/author/547/bill-gates-quotes
7. bill.webcrawler.com/
8. content.time.com/time/photogallery/0,29307,1630529, 00.html
9. http://www.thewire.com/global
10. knowyourmeme.com/memes/steve-jobs-vs-bill-gates/photos
11. labnol.blogspot.com/2005/05/inside-bill-gates-home.html
12. mediagallery.usatoday.com/Bill+Gates
13. News.cnet.com › News › Image Galleries
14. photobucket.com/images/bill%20gates
15. www.achievement.org/autodoc/page/gat0gal-1
16. www.biography.com › People › Bill Gates
17. www.cnbc.com
18. www.computerworld.com › Operating Systems › Windows
19. www.fanpix.net/gallery/bill-gates-pictures.htm
20. www.forbes.com/pictures/emdh45gkj/bill-gates/
21. www.gettyimages.com/editorial/bill-gates-pictures
22. www.howstuffworks.com/bill-gates-pictures.htm
23. www.huffingtonpost.com/news/bill-gates/
24. www.politico.com/gallery/2013/05/bill-gates/001016-014423.html
25. www.starpulse.com › Notables ›
26. www.zimbio.com › Bill Gates
27. www.latimes.com/
28. Computer.howstuffworks.com
29. www.imdb.com
30. www.chicagotribune.com
31. www.ndtv.com
32. content.time.com/time
33. www.biography.com › People
34. knowyourmeme.com/memes/events
35. www.washingtonpost.com
36. Screenrant.com
37. sfist.com/2012/08/30
38. www.wired.com/photos
39. Gizmodo.com
40. www.achhikhabar.com
41. www.hindisahityadarpan.in
42. inspiringquotes.in
43. quotesihb.wordpress.com
44. www.indiblogger.in/indipost
45. hindianmolvachan.in

46. yogeshboss.wordpress.com
47. www.dubzer.com